# 1 मैं भारत माता हूँ

## अभ्यास (EXERCISE)



### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) खेतों में दौलत बिखरी हुई है।
(ख) भारत माता विष पीकर मुस्काती है।
(ग) भारत माता का पग–पग विश्वास से भरा हुआ है।
(घ) भारत माता ने वज्र के समान बड़ी विपदाओं को अनायास ही सहने की बात कही है।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) भारत माता ने स्वयं को विवेकपूर्ण इसलिए कहा है क्योंकि वह धैर्य, बुद्धि, बल आदि की शिक्षा प्रदान करती है।
(ख) भारत का हृदय धैर्य, प्रेम, साहस, बुद्धि, बल आदि के रूप में बँटा हुआ है।
(ग) भारतीय कलाकारों की गायन, नृत्यकला, मूर्तिनिर्माण, कविता निर्माण आदि विशेषताएँ उभरकर सामने आई हैं।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) धीरज का पढ़ाया जाता है–
सीख ☐ पाठ ✓ कविता ☐ इनमें से कोई नहीं ☐
(ख) मूर्तियाँ किसको काट-काट कर बनाई गई हैं?
मोम ☐ पत्थर ✓ मिट्टी ☐ इनमें से कोई नहीं ☐
(ग) भारत माता का यह जीवन किससे निखरा है?
तप से ✓ योग से ☐ हवन से ☐ भजन से ☐
(घ) यह जगत कलाकारों के कौन-से गुणों पर मोहित है?
नृत्यों पर ☐ गीतों पर ☐ दोनों पर ✓ इनमें से कोई नहीं ☐
(ङ) भारत माता औरों को क्या दान देती है?
अमृत ✓ विष ☐ शहद ☐ मिठास ☐

**4. आशय स्पष्ट करो–**

(क) वायु के झरोखों में प्यार है और खेतों में दौलत बिखरी हुई है।
(ख) अपने आप को बाँटकर भाईचारा और प्रेम को फैलाया है।

**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो–**

(क) चाँद-तारों-सी **सहज कांति,**
**नदियों में है** मुस्कान भरी।

(ख) मैं सहज बोध, **मैं सहज शक्ति**
**सुविवेकी** भारत माता हूँ।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

जब दो या दो से अधिक शब्दों को मिलाकर एक नया शब्द बनाया जाता है तो यह प्रक्रिया समास कहलाती है; जैसे- गंगा-जल = गंगा का जल।

**इसी तरह निम्नलिखित शब्दों के भी समास लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वज्र-सदृश | = | **वज्र के समान** | सुधा-दान | = | **अमृत का दान** |
| चाँद-तारों-सी | = | **चाँद और तारों के जैसी** | बंधुता-प्रेम | = | **भाई का प्रेम** |
| कविता-धरा | = | **कविता की धरा** | ईश्वर-भक्त | = | **ईश्वर की भक्ति** |
| विजय-पताका | = | **विजय की पताका** | | | |

**निम्नलिखित अनुच्छेद में छूटे हुए कारक चिह्न लगाओ–**

अपने देश के प्रति प्रेम और भक्ति मनुष्य **का** स्वाभाविक गुण हैं। देश **की** जलवायु, वातावरण, प्राकृतिक साधन आदि चाहे कैसे भी क्यों न हों, व्यक्ति हमेशा अपने देश **से** प्रेम करता है। भारत **का** ही नहीं, विश्व **का** इतिहास ऐसे उदाहरणों **से** भरा पड़ा है कि वीरों **ने** देश की रक्षा **के लिए** अपने प्राणों **को** हँसते-हँसते बलिदान कर दिया।

1. **निम्नलिखित के विलोम शब्द लिखो–**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) विवेकशील | × | **विवेकहीन** | (ख) | कर्म | × | **अकर्म** |
| (ग) विश्वास | × | **अविश्वास** | (घ) | अमृत | × | **विष** |
| (ङ) जीवन | × | **मृत्यु** | (च) | सजीव | × | **निर्जीव** |

2. **निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द कविता में से चुनकर लिखो–**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) धैर्य | – | **धीरज** | (ख) | जननी | – | **माता** |
| (ग) धन | – | **दौलत** | (घ) | अमृत | – | **सुधा** |
| (ङ) सरल | – | **सहज** | | | | |

# 2 साहसी बनो

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताओ–**

(क) बालक एक दरजी की दुकान पर काम करता था।

(ख) बालक का पालन–पोषण पादरियों ने किया था।

(ग) बालक ने ऊबकर अपने साथी से पूछा ''हम लोगों को कैसे मालूम होगा कि दुश्मन अब हार गए।''

(घ) बालक की बहादुरी की कहानी सुनकर सेनापति ने खुश होकर उसे गले से लगाया व ऊँचे पद पर उसकी तरक्की कर दी।

**2. सोचकर लिखो—**

(क) अंग्रेज सैनिक फ्रांसीसी जहाज़ के मस्तूल पर पताका न दिखने पर बहुत खुश हुए उन्हें लगा दुश्मन ने हार मान ली है।

(ख) भर्ती होने के दूसरे दिन बालक ने युद्ध का भयानक दृश्य देखा परन्तु वह जरा भी विचलित नहीं हुआ अपने अफसर के हुक्म के मुताबिक वह दौड़—दौड़ कर अपना काम करता रहा।

(ग) बालक ने चुपके से फ्रांसीसी सेना के जहाज़ पर जाकर पताका उतार ली जिससे अंग्रेजी सेना को लगा कि शत्रु ने हार मान ली, वे फ्रांसीसी सेना के जहाज़ पर कूद पड़े उन्हें देखकर फ्रांसीसी सैनिक भाग गए।

(घ) उस जमाने में दोनों पक्ष के जहाज़ बहुत निकट होकर लड़ते थे। एक पक्ष के सैनिक जहाज़ पर चक्कर काटते हुए गोले बरसाते थे और एक के सैनिक दूसरे जहाज़ पर चढ़कर ज़बरदस्ती कब्जा करने की कोशिश करते थे।

(ङ) बालक बुद्धिमान, निडर, साहसी आदि गुणों से युक्त था। अपने अफसर के हुक्म के मुताबिक वह दौड़-दौड़ कर अपना काम करता था।

(च) इस पाठ से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें जीवन की कठिनाइयों का सामना धैर्य व साहस के साथ करना चाहिए। फ्रांसीसी सेनापति का जहाज़ बालक वाले जहाज़ के पास ही था। बालक बेधड़क कूदकर उस पर चढ़ गया। फिर चुपके-चुपके दोनों ओर की गोलियों की परवाह न कर रस्से की सीढ़ी के सहारे मस्तूल पर जा पहुँचा। उसने आसानी से पताका उतार ली और बिल्ली-सा पैर दबाता अपने जहाज़ पर आ गया।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) पाठ के अनुसार किन-किन देशों में दुश्मनी थी?

फ्रांस और चीन ☐ फ्रांस और इंग्लैंड ☑

इंग्लैंड और इटली ☐ जर्मनी और इटली ☐

(ख) सैनिकों ने फ्रांसीसी जहाज़ों पर क्या नहीं देखा?

बाल्टी ☐ रस्सी ☐ पताका ☑ नाव ☐

(ग) बालक आगे चलकर किस नाम से प्रसिद्ध हुआ?

हाप्सन ☑ हटसन ☐ हिटलर ☐ हिटमैन ☐

**4. सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाओ—**

(क) बालक अपने माता-पिता के साथ रहता था। ✗

(ख) मालिक के दुकान से बाहर जाते ही बालक समुद्र की शोभा को निहारने लगा। ✓

(ग) बालक को पादरियों ने पाला-पोसा था। ✓

(घ) युद्ध शुरू होते ही बालक डरकर छुप गया। ✗

(ङ) बालक आगे चलकर नौ-सेनापति हाप्सन बना। ✓

(च) उस समय हर कोई लड़ाकू जहाज़ों पर भर्ती होना चाहता था। ✗

**5. पाठ के आधार पर घटनाओं के सामने क्रम संख्या लिखो—**

(क) वहाँ छोटी-सी एक नाव थी। 2

(ख) फ्रांसीसी जहाज़ों पर अंग्रेज़ों का कब्ज़ा हो गया। 7

(ग) बालक दुकान से उठ भागा। 1

(घ) लोग समझेंगे कि दुश्मन हार गए और हमारी जीत हुई। 4

(ङ) सब लोग यह देखकर आश्चर्यचकित रह गए। [6]

(च) उन्होंने समझा दुश्मन ने हार मान ली। [5]

(छ) दूसरे ही दिन उसकी परीक्षा का समय आया। [3]

(ज) इस घटना की खबर अंग्रेज सेनापति को मिली। [8]

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | नदी | – **नदियाँ** | (ख) | गायिका | – **गायिकाएँ** |
| (ग) | पाठशाला | – **पाठशालाएँ** | (घ) | चिड़िया | – **चिड़ियाँ** |
| (ङ) | लेखिका | – **लेखिकाएँ** | (च) | आँख | – **आँखें** |

**2. निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय लगाकर नया शब्द बनाओ–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | शोभा + इत = **शोभित** | | (ख) | अच्छा + ई = **अच्छाई** | |
| (ग) | दुश्मन + ई = **दुश्मनी** | | (घ) | घबरा + आहट = **घबराहट** | |
| (ङ) | भयानक + ता = **भयानकता** | | (च) | विपक्ष + ई = **विपक्षी** | |
| (छ) | निकट + ता = **निकटता** | | (च) | प्रसिद्ध + ई = **प्रसिद्धी** | |

**3. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो–**

(क) नगर – **मुंबई एक महानगर है।**

(ख) बालक – **यह बालक आगे चलकर हाप्सन के नाम से प्रसिद्ध हुआ।**

(ग) समुद्र – **समुद्र बहुत विशाल होता है।**

(घ) पताका – **बालक ने आसानी से पताका उतार ली।**

(ङ) सैनिक – **हमारे देश के सैनिक बहुत बहादुर हैं।**

(च) जहाज़ – **बालक जहाज पर नया आया था।**

# 3 आत्मविश्वास की जीत

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) धरा का गाँव नदियों और पहाड़ों के बीच बसा हुआ था।

(ख) गाँव के कुछ बच्चे धरा और नील से ईर्ष्या रखते थे।

(ग) नील के जाने के बाद तीनों बच्चों को लगा गाँव में उनका महत्व कम हो जाएगा।

(घ) धरा को कुटिया में एक महात्मा मिले। इस सूनसान जंगल में इतनी रात को इतनी छोटी बच्ची को देखकर महात्मा चौंक गए। लेकिन उन्होंने उससे कुछ पूछे बिना पहले अंदर बुलाया और पीने के लिए पानी देकर आराम करने के लिए कहा।

(घ) धरा अपने भाई के साथ उड़न–खटोले में बैठकर गाँव पहुँची।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) धरा के मन में ख्याल आया कि मेरा भाई कैसा होगा किस हाल में होगा, इस विचार ने धरा को झकझोर दिया।

(ख) धरा अपने भाई की खोज में निकल पड़ी। पैदल-पैदल खेत-खलिहानों से होकर एक अनजानी डगर पर चलती जा रही थी लेकिन मंजिल एक ही थी अपने भाई को ढूँढना। चलते-चलते धरा को शाम हो गई। रात को रास्ते में जंगल पड़ा तो धरा ने सोचा कि रात को किसी पेड़ पर चढ़कर रात गुजार ली जाए। वह पेड़ पर चढ़ी ही थी कि थोड़ी दूर पर उसे एक रोशनी दिखाई दी। वह रोशनी की दिशा में बढ़ने लगी। वहाँ जाकर देखा तो एक महात्मा की कुटिया थी।

(ग) महात्मा जी ने धरा को समझाया बेटी आज रात तुम यहीं पर रूको। कल सुबह अपनी विद्या शक्ति से तुम्हें बता दूँगा कि तुम्हारा भाई कहाँ है।

(घ) पूर्णिमा की रात को बाबा की आशीर्वाद लेकर धरा परियों के पास गई और नृत्य करने लगी। धरा ने सब कुछ वैसा ही किया जैसा बाबा ने बताया था। सातवें वरदान में जैसे ही उसने अपने भाई को माँगा, परियाँ बैचेन हो गईं लेकिन वे तो वचन दे चुकी थीं। धरा को देखकर नील दीदी-दीदी कहकर धरा से चिपक गया। परियाँ यह सारा माजरा समझ पाती इतनी देर में तो धरा ने भाई को उड़न-खटोले में बिठाया और उड़ गई।

(ङ) धरा और नील के लौटने की खुशी में पूरे गाँव में मिठाइयाँ बाँटी गई और जश्न मनाया गया।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) नील के जाने के बाद पूरा गाँव डूब गया–

हर्ष में ☐ शोक में ☑ दोनों में ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

(ख) धरा ने अपने माता-पिता के लिए क्या लिखा?

गाना ☐ खत ☑ चुटकला ☐ कहानी ☐

(ग) धरा को कहाँ रोशनी दिखाई दी?

जंगल में ☑ शहर में ☐ गाँव में ☐ पेड़ पर ☐

(घ) नील को कौन ले गया था?

बदमाश ☐ परियाँ ☑ जादूगर ☐ डाकू ☐

(ङ) धरा ने परियों से पाँचवें और छठे वरदान में क्या माँगा?

कपड़े और खिलौने ☐ किताबें और खिलौने ☑

बिस्किट और कपड़े ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

परियाँ, महात्मा, रौनक, नील, धरा

(क) परिवार के दोनों बच्चें गाँव की **रौनक** थे।

(ख) **नील** के माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल था।

(ग) **धरा** के कानों में बार-बार नील की आवाज गूँजती रहती।

(घ) धरा ने कुछ समय बाद **महात्मा** को सारी घटना बता दी।

(ङ) अंत में **परियाँ** उसका पीछा करते-करते थक गई।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. पाठ में से कुछ शब्द-युग्म छाँटकर लिखो—**

(क) बार-बार – **अपने-अपने** **एक-दूसरे** **देख-देखकर**
(ख) माता-पिता – **भाई-बहन** **अता-पता** **ताकते-ताकते**
(ग) उछलते-कूदते – **उड़न-खटोला** **थक-हार** **रो-रो**

**2. नीचे दिए गए शब्दों की संधि करो—**

(क) महा + आत्मा = **महात्मा**
(ख) पुस्तक + आलय = **पुस्तकालय**
(ग) परम + ईश्वर = **परमेश्वर**
(घ) भोजन + आलय = **भोजनालय**
(ङ) भ्रष्ट + आचार = **भ्रष्टाचार**

**3. नीचे दिए गए शब्दों की संधि-विच्छेद करो—**

(क) दीपावली – **दीप + अवली**
(ख) चिकित्सालय – **चिकित्सा + आलय**
(ग) सूर्योदय – **सूर्य + उदय**
(घ) विद्‌यालय – **विद्‌या + आलय**
(ङ) शब्दार्थ – **शब्द + अर्थ**

**4. निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची या समानार्थी शब्द लिखो—**

(क) धरा – **पृथ्वी** **भूमि**
(ख) जंगल – **अरण्य** **वन**
(ग) रात्रि – **निशि** **रजनी**
(घ) आँख – **चक्षु** **नेत्र**
(ङ) माता – **जननी** **जन्मदात्री**

# 4 भोर की किरणें

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ—**

(क) पौ फटते ही धरती पर सूर्य की किरणें आती हैं।
(ख) सूरज की किरणों ने आत्मा और प्राणों को आनंदित किया।
(ग) कोयल की कूक ने हृदय में नई उमंग, ऊर्जा का संचार किया।
(घ) पक्षियों के कलरव से प्रातःकाल होने का पता चलता है।

**2. सोचकर लिखो—**

(क) सूर्य की किरणों से धरती पर से अन्धकार मिट गया व प्रकाश छा गया।
(ख) भोर होने पर सभी व्यक्तियों ने नित्यकर्म से निवृत्त होकर अपने-अपने कर्म क्षेत्र की ओर प्रस्थान किया।
(ग) सूरज की किरणें व्यक्ति के जीवन में नया सवेरा व नई उम्मीदें लेकर आती हैं।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) भोर होते ही हमें सबसे पहले क्या सुनाई देता है?

पंछियों का शोर ☑ मुर्गे की बांग ☐ दोनों ☐ कोई नहीं ☐

(ख) सुबह होते ही व्यक्ति क्या त्याग देता है?

आलस्य ☑ खाना ☐ पीना ☐ नहाना ☐

(ग) सुबह होते ही बच्चे कहाँ जाते हैं?

मंदिर ☐ पार्क ☐ विद्यालय ☑ मेले ☐

(घ) प्रत्येक सुबह सूरज की किरणें क्या लेकर आती हैं?

रात ☐ नया सवेरा ☑ शाम ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

**4. आशय स्पष्ट करो–**

(क) संसार में चारों ओर प्रकाश फैल गया व अन्धकार मिट गया।

(ख) प्राणों व आत्मा को नई खुशी व आनन्द प्रदान किया।

**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो–**

(क) कोयल की **कूक ने किया**,
**हृदय में नई चेतना** का संचार।

(ख) **सूरज की किरणें** धरती पर,
जब करती आईं **ठिठोली**।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. दिये गये शब्दों के लिंग बताओ–**

किरण → **स्त्रीलिंग**
सूरज → **पुल्लिंग**
कोयल → **स्त्रीलिंग**
भोर → **स्त्रीलिंग**
पंछी → **पुल्लिंग**
संदेश → **पुल्लिंग**

**2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

(क) सुबह × **शाम**　　(ख) चेतना × **मूर्छा**

(ग) आलस्य × **स्फूर्ति**　　(घ) शोर × **शान्ति**

(ङ) धरती × **आकाश**　　(च) जीवन × **मृत्यु**

(छ) आनंद × **वेदना**　　(ज) बुराई × **अच्छाई**

(झ) उम्मीद × **नाउम्मीद**　　(ञ) प्रकाश × **अन्धकार**

**4. निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय लगाकर दो-दो शब्द बनाओ–**

(क) बल – **बलवान** **बलपूर्वक**　　(ख) भाग्य – **भाग्यशाली** **भाग्यवान**

(ग) शान – **शानदार** **शान शौकत**　　(घ) कवि – **कविता** **कविराज**

(ङ) चमक – **चमकदार** **चमकना**　　(च) कला – **कलाकार** **कलाकारी**

# 5 गढ़ी के लाल

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) नागौर गढ़ी के राजा सूरजमल थे।

(ख) अंग्रेज छल–कपट से नागौर के आस–पास के दुर्गों पर अधिकार जमा चुके थे।

(ग) आधी रात के समय राजा सूरजमल घोड़े पर सवार होकर गढ़ी की रक्षा का प्रबन्ध देखने दुर्ग के मुख्य द्वार पर गए थे।

(घ) नागौर के द्वार रक्षक का नाम कँवर सिंह था।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) सुलह का झंडा फहराकर अंग्रेज़ सेनापति ने राजा सूरजमल को बातचीत के लिए अपने खेमे में बुलायफ़ सूरजमल भुलावे में आ गए। जैसे ही वे शिविर में घुसे, चारों ओर से उन्हें अंग्रेज़ सैनिकों ने घर लिया। इसके बाद उन्हें बंदी बनाकर दिल्ली लाया गया और किले में कैद कर दिया गया।

(ख) राजा सूरजमल को बन्दी बना लेने की खबर सुनकर गढ़ी में सन्नाटा छा गया।

(ग) जोधा-मोधा दोनों ठाीी कीलें पकड़कर लटक गए। हाथियों को टक्कर मारने का अदशे दिया गया। हाथियों ने एक ज़ोरदार टक्कर मारी। फाटक टूटकर दूर जा गिरा। फाटक के साथ जोधा-मोधा भी गिर पड़े। वीर बोले, ''सेनापति! बापू को मुक्त कराओ महारानी से कहना तेरे बेटों ने माँ के दूध की जाल रख ली है।'' बापू शत्रुओं से मुक्त होकर गढ़ी आ गए। जोधा–मोधा ने अपने प्राणों का बलिदान देकर अपने पिता को अंग्रेजों की कैद से मुक्त करवाया।

(घ) इस कहानी से हम यह शिक्षा मिलती है कि हमें धैर्य तथा संयम के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) गढ़ी का नाम क्या था?

नटवर [ ] नागौर [✓] नागर [ ] नारल [ ]

(ख) गढ़ी के लोग राजा साहब को क्या कहते थे?

साहब [ ] बाबूजी [ ] बापू [✓] स्वामी [ ]

(ग) राजा सूरजमल के कितने बेटे थे?

चार [✓] तीन [ ] दो [ ] पाँच [ ]

4. **किसने-किससे कहा?**

| | किसने कहा? | किससे कहा? |
|---|---|---|
| (क) ''कँवर सिंह! सब ठीक है? सावधान रहना।'' | **राजा ने** | **कँवर सिंह से** |
| (ख) ''बापू! युद्ध न रुकवाइए। यह अंग्रेज़ों की कोई चाल है।'' | **जोरावर सिंह ने** | **राजा से** |
| (ग) ''राजकुमार! बापू को छुड़ाकर लाना है।'' | **महारानी ने** | **फत्ते सिंह से** |
| (घ) ''महारानी! अंग्रेज़ बहुत शक्तिशाली हैं।'' | **फत्ते सिंह ने** | **महारानी से** |
| (ङ) ''सेनापति! बापू को मुक्त कराओ।'' | **जोधा और मोधा ने** | **सेनापति से** |



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

1. **निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया पद रेखांकित करके उनके भेद लिखो–**
   - (क) राज्य में भ्रष्टाचार बहुत फैल गया है। – अकर्मक क्रिया
   - (ख) हमें भ्रष्टाचार कैसे दिख सकता है? – अकर्मक क्रिया
   - (ग) माँ खाना बना रही हैं। – सकर्मक क्रिया
   - (घ) रोहित पतंग उड़ा रहा है। – सकर्मक क्रिया
   - (ङ) दिव्या रो रही है। – अकर्मक क्रिया

2. **निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों का अंतर स्पष्ट करते हुए वाक्य प्रयोग करो–**
   - (क) कपट – **अंग्रेजों ने सूरजमल के साथ कपट किया।**
     कपाट – **हाथियों ने कपाट तोड़ दिये।**
   - (ख) मान – **बड़ों का मान-सम्मान करना चाहिए।**
     मन – **मन में ठानने से कार्य पूर्ण होते हैं।**
   - (ग) कोष – **महारनी ने कहा जितने रुपये चाहिए राजकोष खुला है।**
     कोश – **हिंदी शब्दकोश में आप हिंदी के शब्द देख सकते हैं।**
   - (घ) बार – **अबकी बार तुम्हारी जीत निश्चित है।**
     वार – **अंग्रेजों ने राजा के ऊपर धोखे से वार किया है।**
   - (ङ) दिन – **आज सोमवार का दिन है।**
     दीन – **दीन-दुखियों की सहायता करनी चाहिए।**

3. **निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटो–**
   - (क) मैं स्कूल जाता हूँ। – **मैं**
   - (ख) वह लड़का ईमानदार है। – **वह**
   - (ग) राम कुछ लिख रहा है। – **कुछ**
   - (घ) दरवाज़े पर कोई खड़ा है। – **कोई**
   - (ङ) आप जल्दी खाना खा लीजिए। – **आप**

**4. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) शत्रु | – | **अरि** | **वैरी** | **विपक्षी** |
| (ख) वीर | – | **शूर** | **योद्धा** | **बहादुर** |
| (ग) अश्व | – | **घोड़ा** | **तुरंग** | **घोटक** |
| (घ) राजा | – | **सम्राट** | **नृप** | **भूप** |

# 6 ऐसी थी कमला नेहरू

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ—**

(क) लेखिका के पिता और दादा पर सत्याग्रह, स्वदेशी, खादी जैसे इंकलाबी ख्यालों का प्रभाव पड़ा।

(ख) जयपुर में पर्दा प्रथा थी।

(ग) कमला जी के पति का नाम जवाहरलाल नेहरू था।

(घ) आनंद भवन इलाहाबाद (प्रयागराज) उत्तर प्रदेश में स्थित है।

**2. सोचकर लिखो—**

(क) इंदिरा गाँधी ने उस समय की बातें बताई जिस समय गाँधी जी हिन्दुस्तान में थे और सत्याग्रह, स्वदेशी और खादी जैसे इंकलाबी ख्याल पैदा हुए ही थे।

(ख) इंकलाब ख्यालों का व्यापक प्रभाव पड़ा। दावतों को बंद कर दिया गया, चौराहों पर खूब चमकती रंग-बिरंगी पोशाकों के गट्ठर जला दिये गए। मखमल, साटिन उतार दिए गए। खादी पहननी शुरू कर दी गई।

(ग) कमला जी ने मर्दों का लिबास अपनी माता के कहने पर पहनना शुरू किया।

(घ) कमला जी को स्त्रियों के ऊपर लगने वाले प्रतिबन्ध पर्दा प्रथा, घर में रहना आदि पसंद नहीं थे। वे चाहती थी कि स्त्रियों को भी पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त हों।

(ङ) कांग्रेस के आन्दोलन में भाग लेने के कारण कमला नेहरू की गिरफ्तारी हुई।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) कमला जी कैसी खादी पहनती थी?

खुरदरी ☐ टाट जैसी मोटी ☑ दोनों ☐ चिकनी ☐

(ख) वे कांग्रेस की वालंटियर कब बनी थीं?

सन् 1931 में ☐ सन् 1930 में ☑ सन् 1932 में ☐ सन् 1929 में ☐

(ग) पंडित मदन मोहन मालवीय के भतीजे क्या पढ़ाते थे?

हिन्दी ☐ अंग्रेज़ी ☐ संस्कृत ☑ गणित ☐

(घ) किस उम्र में कमला नेहरू आनन्द भवन आई थीं?

18 वें वर्ष में ☐ 17 वें वर्ष में ☑ 19 वें वर्ष में ☐ 20 वें वर्ष में ☐

(ङ) गाँधी जी ने खासतौर पर किसको पुकारा?

नौजवानों को ☐ स्त्रियों को ☑ बच्चों को ☐ बुजुर्गों को ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

विलायत, बीमारी, अस्पताल, ज़ेवर, वकालत

(क) **जेवर** आदि का कमला नेहरू को बिल्कुल शौक नहीं था।

(ख) तब मेरे दादा जी की **वकालत** खूब चल रही थी।

(ग) मेरी दादी भी **विलायत** घूम आई थीं।

(घ) धीरे-धीरे माँ को **बीमारी** ने घेरना शुरू कर दिया।

(ङ) गाँधी जी के हाथों **अस्पताल** का उद्घाटन हुआ।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. उदाहरण देखकर मूलशब्द से अन्य शब्द बनाओ–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **चरित्र** | | **चरित्रवान** | **चरित्रहीन** |
| (क) हिंदु | – | **हिंदुस्तान** | **हिंदुत्व** |
| (ख) सत्य | – | **सत्यनिष्ठ** | **सत्य परायण** |
| (ग) प्रेरणा | – | **प्रेरणार्थक** | **प्रेरणास्त्रोत** |
| (घ) भक्ति | – | **भक्तिपूर्वक** | **भक्तिपरक** |

**2. 'हीन' और 'वास' जोड़कर तीन-तीन नए शब्द बनाओ–**

(क) चरित्र + हीन = चरित्रहीन (ख) बल + हीन = बलहीन

(ग) तेज + हीन = तेजहीन (घ) धन + हीन = धनहीन

(ङ) कारा + वास = कारावास (च) वन + वास = वनवास

(छ) जल + वास = जलवास (च) स्थल + वास = स्थलवास

**3. निम्नलिखित शब्दों में 'अ' उपसर्ग लगाकर विलोम शब्द बनाओ–**

(क) हिंसा – **अ** + **हिंसा** = **अहिंसा**

(ख) छूत – **अ** + **छूत** = **अछूत**

(ग) शद्ध – **अ** + **शद्ध** = **अशद्ध**

(घ) योग्य – **अ** + **योग्य** = **अयोग्य**

(ङ) ज्ञान – **अ** + **ज्ञान** = **अज्ञान**

# 7 इतने ऊँचे उठो

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ—**

(क) हमें आकाश की तरह ऊँचा उठना है।

(ख) हमें दुनिया को एकसमान दृष्टि से देखना है।

(ग) जीर्ण–शीर्ण का मोह मृत्यु का द्योतक है।

(घ) कवि ने आकर्षण जितना सुन्दर बनने के लिए कहा है।

**2. सोचकर लिखो—**

(क) बरसात धरा को एकसमान भाव से सभी सीनों पर समान रूप से बरसकर सींचती है।

(ख) क्योंकि मलय पवन मलय पर्वत की ओर से आने वाली चंदन जैसी सुगन्धित वायु होती है।

(ग) नये हाथ (युवओं) के अंदर नई ऊर्जा, उत्साह होता है जिसके माध्यम से वे वर्तमान का स्वरूप बदल सकते हैं।

(घ) सूर्य, चन्द्रमा, तारे तथा चाँदनी सदैव हमारे साथ रहते हैं।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) नूतन अक्षर किसको दें?

बोली को ☐ भाषा को ☑ कविता को ☐ कहानी को ☐

(ख) चित्रों के रंग को किससे उभारें?

तूलिका से ☑ पेन्सिल से ☐ मोम से ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

(ग) कवि धरती को क्या बनाना चाह रहे हैं?

नरक ☐ स्वर्ग ☑ आकाश ☐ तारा ☐

(घ) हमारे साथ हर समय कौन है?

सूरज ☐ चाँद-चाँदनी ☐ तारे ☐ तीनों ☑

**4. आशय स्पष्ट करो—**

(क) गतिशील बने रहना ही जीवन का सत्य है। जो सदा से चला आ रहा है।

(ख) धारा के निरंतर प्रवाह की तरह गतिमान बने रहो।

**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

(क) ज्वालाओं से **जलते जग में,**
**इतनी शीलत बहो कि जितनी** मलय पवन है।

(ख) धरा के **शाश्वत प्रवाह में**,

**इतने गति-मय बनो** जितना परिवर्तन है।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. कविता से पाँच भाववाचक संज्ञाएँ चुनकर लिखो—**

समता  सँवारना  सृजन  पोषक  चिंतन

**2. नीचे दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलो—**

(क) बुरा – **बुराई**  (ख) पीछे – **क**

(ग) कठोर – **कठोरता**  (घ) सफेद – **सफेदी**

(ङ) निकट – **निकटता**  (च) निज – **निजता**

(छ) चिल्लाना – **चिल्लाहट**  (ज) हिंदू – **हिंदुत्व**

(झ) उड़ना – **उड़ान**  (ञ) बूढ़ा – **बुढ़ापा**

**3. निम्नलिखित शब्दों में से सही विलोम शब्द ढूँढ़कर पंक्ति में लिखे शब्दों के सामने लिखो—**

शाम, साधारण, भूत, आकाश, अंधेरा, आकर्षण, पुण्य, अस्त, विपन्न, रात, अल्पांश, नवीन, आदि, जन्म, विकास, पूर्ण, सजीव, आशीर्वाद, असमान, थल

(क) पाताल – **आकाश**  (ख) पाप – **पुण्य**

(ग) पूर्णांश – **अल्पांश**  (घ) उदय – **अस्त**

(ङ) अनादि – **आदि**  (च) विकर्षण – **आकर्षण**

(छ) अभिशाप – **आशीर्वाद**  (ज) संपन्न – **विपन्न**

(झ) दिन – **रात**  (ञ) सुबह – **शाम**

(ट) मृत्यु – **जन्म**  (ठ) भविष्य – **भूत**

(ड) निर्जीव – **सजीव**  (ढ) समान – **असमान**

(ण) अपूर्ण – **पूर्ण**  (त) विनाश – **विकास**

(थ) जल – **थल**  (द) विशेष – **साधारण**

(द) उजाला – **अंधेरा**  (ध) प्राचीन – **नवीन**

**4. नीचे दिए गए शब्दों से दो-दो शब्द बनाओ—**

(क) रूप – **रूपवान** **रूमाल**  (ख) गति – **गतिमान** **गतिशील**

(ग) दृष्टि – **दृष्टिगत** **दृष्टिगोचर**  (घ) भक्ति– **भक्तिपरक** **भक्तिभाव**

(ङ) रंग – **रंगहीन** **रंगीन**

# 8 निःस्वार्थ प्रेम

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) मनोहर लाल जी के तीन बच्चे थे।

(ख) रमा, रवि, महक और राधा की सौतेली माँ थी।

(ग) रमा बच्चों से अपनी जान से ज्यादा प्यार करती थी।

(घ) बच्चों से रमा को हमेशा तिरस्कार ही मिला।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) तीनों बच्चों का विवाह होने के पश्चात् व रवि के विदेश चलने जाने के पश्चात् मनोहरलाल जी व रमा अकेले हो गए।

(ख) बच्चे जब रमा की शिकायत करते तो मनोहरलाल जी उनकी बातों पर यकीन नहीं करते थे वे अच्छी तरह से जानते थे कि रमा बच्चों से कितना प्यार करती है?

(ग) बच्चों को लगता था कि रमा ने जायदाद के लालच में उनके पिता से शादी की है। इसलिए वे रमा से नफरत करते थे।

(घ) अपनी गलती का अहसास होने पर राधा ने रमा से कहा ''माँ मुझे माफ कर दो मैंने तुम्हारे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया है। आज मुझे इस बात का अहसास हो चुका है।''

(ङ) राधा ने रवि व महक को भी इस बात का अहसास करा दिया था कि वे लोग कितने गलत थे, राधा की बात सुनकर वे दोनों भी पछताने लगे।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) रमा का हृदय कैसा था?

क्रूर ☐ कठोर ☐ सहृदय ☑ कोई नहीं ☐

(ख) अधिकतर 'सौतेली माँ' के बारे में लोगों की धारणा है–

वह क्रूर व निर्दयी होती है ☑ वह विशाल हृदय की स्वामिनी होती है ☐

उनका प्रेम निःस्वार्थ होता है ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

(ग) रमा किसकी प्रतिमूर्ति थी?

त्याग, सहनशीलता और प्रेम की ☑ क्रूर, निर्दयी और कठोरता की ☐

कड़वे व्यवहार की ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

(घ) क्या राधा को अपनी गलती का अहसास हो गया था?

हाँ ☑ नहीं ☐ पता नहीं ☐ कभी नहीं ☐

(ङ) मनोहर लाल जी रमा के सामने–

घुटने टेक देते थे ☐ नतमस्तक हो जाते थे ☑

प्रणाम करते थे ☐ कोई नहीं ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

पंख, विदेश, निःशब्द, तिरस्कार, जड़वत्

(क) बच्चों से उसको हमेशा **तिरस्कार** ही मिला।
(ख) मनोहर लाल जी **निशब्द** रह जाते।
(ग) रवि **विदेश** में रहने लगा।
(घ) 'माँ' शब्द सुनकर रमा तो **जडवत्** हो गई।
(ङ) रमा को मानो **पंख** ही लग गए थे।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित शब्दों को उनके उचित स्थान पर लिखो–**

(क) आँख – **चक्षु** **नयन**
(ख) पिता – **जनक** **तात**
(ग) माँ – **माता** **जननी**
(घ) अध्यापक – **शिक्षक** **गुरु**
(ङ) बहिन – **भगिनी** **सहोदरा**

**2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

(क) निर्दयी × **दयावान**
(ख) सौतेली × **सगी**
(ग) निःस्वार्थ × **स्वार्थ**
(घ) जीवन × **मृत्यु**
(ङ) तिरस्कार × **सम्मान**

# 9 डॉ० अब्दुल कलाम

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर सन् 1931 ई० को तमिलनाडु में रामेश्वरम् के पास हुआ था।
(ख) राष्ट्रपति बनने से पूर्व इन्हें भारत के 'मिसाइलमैन' के नाम से जाना जाता था।
(ग) डॉ० कलाम को 'पद्म भूषण', 'पद्म विभूषण' तथा उसके पश्चात् 'भारत रत्न' की उच्चतम उपाधि प्राप्त हुई।
(घ) भारत के लिए डॉ० कलाम के मान में तीन सपने हैं।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) डॉ० कलाम के अनुसार ज्ञान के चार अंग हैं—
(i) सृजनशीलता (ii) नीति परायणता (iii) साहस (iv) अंतहीन जोश व लगन

(i) **सृजनशीलता–** 'गहन अध्ययन सृजनशीलता को जन्म देता है, सृजनशीलता देती है नई सोच की शक्ति।

(ii) **नीतिपरायणता–** जहाँ नीतिपरायणता होती है वहाँ सुंदर चरित्र होता है।

(iii) **साहस–** हमारे भीतर अलग सोचने, असंभव को संभव करने, समस्याओं का हल ढूँढने का साहस होना चाहिए।

(iv) **अंतहीन जोश व लगन–** नोबेल पुरस्कार प्राप्त डॉ० सी०वी० रमन के शब्दों को प्रति ध्वनित करके कहते हैं— युवाओं को कभी निराश होकर हिम्मत नहीं खोनी चाहिए।

(ख) डॉ० अपनी रचना 'युवाओं के गीत' में नई पीढ़ी को बड़े उद्देश्य रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

(ग) डॉ० कलाम के तीन सपने हैं, जिनका विवरण निम्न है—

(i) उनका पहला सपना स्वतंत्रता का है।

(ii) कलाम का दूसरा सपना भारत को विकसित देश के रूप में देखने का है।

(iii) उनका तीसरा सपना है भारत विकास के मामले में दुनिया के साथ चले नहीं तो कोई भी हमारा सम्मान नहीं करेगा।

(घ) जब कलाम के अध्यापक श्री शिवसुब्रह्मण्यम अय्यर उन्हें चिड़िया के उड़ने का सिद्धान्त समझा रहे थे तथा समझ में न आने पर वे सबको समुद्र तट पर ले गया और बताया कि पक्षी आंतरिक प्रेरणा व जीने की इच्छाशक्ति से उड़ता है। बस वहीं रामेश्वरम् के तट पर पक्षियों की उड़ान उनके मन की गहराईयों तक उतर गयी यहीं से उन्हें वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली।

(ङ) डॉ० कलाम सी०वी० रमन के शब्दों को प्रतिध्वनित करके कहते हैं, 'युवाओं को कभी निराश होकर हिम्मत नहीं खोनी चाहिए।'

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) डॉ० कलाम के अनुसार ज्ञान कब तक पाया जा सकता है?

जीवन पर्यन्त ☑ छात्र जीवन में ☐ बचपन में ☐

(ख) डॉ० कलाम का भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है–

सन् 2015 तक ☐ सन् 2021 तक ☐ सन् 2020 तक ☑

(ग) सृजनशीलता को जन्म देता है–

सामान्य अध्ययन ☐ गहन अध्ययन ☐ नई सोच ☑

(घ) डॉ० कलाम के अनुसार पृथ्वी का सबसे शक्तिशाली संसाधन है–

युवाओं का तेजस्वी दिमाग ☑ खनिज पदार्थ ☐ जंगल ☐

(ङ) बचपन की एक घटना में डॉ० कलाम को कक्षा में किस पक्षी के उड़ने के बारे में बताया गया था?

मोर के ☐ चिड़िया के ☑ शुतुरमुर्ग के ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

दृष्टि, समन्वय, मिसाइल मैन, संसाधन, ज्ञान

(क) डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम को भारत के **मिसाइलमैन** के नाम से जाना जाता है।

(ख) पृथ्वी का सबसे शक्तिशाली **संसाधन** है– युवाओं का तेजस्वी मस्तिष्क।

(ग) डॉ० कलाम के अनुसार **ज्ञान** जीवनपर्यन्त पाया जा सकता है।

(घ) सुंदर चरित्र से घर में सद्भाव और **समन्वय** रहता है।

(ङ) विज्ञान हमें एक विशेष **दृष्टि** प्रदान करता है।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

जिस शब्द के द्वारा संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताई जाती है, उसे 'विशेषण' कहते हैं। जैसे– भारत के लिए मेरे पास तीन सपने हैं।

**नीचे लिखे वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित करके अलग से लिखो–**

| | |
|---|---|
| 1. देशभक्त व्यवस्था का पालन करते हैं। | **व्यवस्था** |
| 2. हम अपने स्वतंत्र देश में रहते हैं। | **स्वतंत्र** |
| 3. आप अपने सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप में हैं। | **सर्वश्रेष्ठ** |
| 4. मेरा दूसरा सपना है, भारत का विकास। | **विकास** |
| 5. अधिकतर क्षेत्रों में हमारी विकास दर दस प्रतिशत है। | **विकास दर** |
| 6. यही वह स्वतंत्रता है जिसे हमें बचाना है। | **स्वतंत्रता** |
| 7. व्यवस्था से करोड़ों लोगों का जीवन संबंधित है। | **व्यवस्था** |

1. **नीचे लिखे शब्दों में से दो-दो पर्यायवाची शब्दों को ढूँढकर पंक्ति में लिखे शब्दों के सामने लिखो–**

नारी, जग, निकेतन, वसुधा, लाल, उद्देश्य, सदन, पृथ्वी, स्त्री, सुत, आकांक्षा, संसार, निशाना, गुरु, अभिलाषा, शिक्षक

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) दुनिया – **संसार** = **जग** | (ख) घर – **सदन** = **निकेतन** |
| (ग) इच्छा – **आकांक्षा** = **अभिलाषा** | (घ) महिला – **स्त्री** = **नारी** |
| (ङ) लक्ष्य – **उद्देश्य** = **निशाना** | (च) भूमि – **पृथ्वी** = **वसुधा** |
| (छ) अध्यापक – **शिक्षक** = **गुरु** | (ज) पुत्र – **सुत** = **लाल** |

2. **नीचे लिखे अनेक शब्दों के लिए एक सही शब्द लिखो–**

(क) जो आँखों के सामने हो – **प्रत्यक्ष**

(ख) जिसकी आशा न की गई हो – **अप्रत्याशित**

(ग) जिसका अंत न हो – **अनंत**

(घ) जिसका अनुभव न हो – **अनुभवहीन**

(ङ) जो सरलता से प्राप्त हो – **सुगम्य**

(च) जिसका कोई आधार न हो – **निराधार**

3. **नीचे दिये गये शब्दों से उचित विलोम शब्द छाँटकर लिखो–**

शांति, स्फूर्ति, जटिल, शक्तिशाली, सुखद, ज्ञान

| | |
|---|---|
| (क) शक्तिहीन × **शक्तिशाली** | (ख) आलस्य × **स्फूर्ति** |
| (ग) सरल × **जटिल** | (घ) दुखद × **सुखद** |
| (ङ) अज्ञान × **ज्ञान** | (च) अशांति × **शांति** |

# 10 बहादुर

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) होटल पर काम करने वाले बच्चे का नाम बहादुर है।

(ख) वह होटल में बर्तन धोने का काम करता है।

(ग) कविता में बच्चों से उनका बचपन छीनने की बात की गई है।

(घ) आजकल गरीबी के कारण शोषण का शिकार हो रहे हैं।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) बालश्रम विरोधी कानून इसलिए विफल हो रहा है क्योंकि सरकार द्वारा बनाये गए नियमों का सही प्रकार से क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है।

(ख) गरीबी की वजह से बच्चे विवश के कारण शिक्षा ग्रहण करने के स्थान पर मजदूरी कर रहे हैं। इसलिए गरीबी गरीब के लिए अभिशाप है।

(ग) जो उम्र बच्चों के पढ़ने लिखने की होती है उस उम्र में गरीब बच्चे मजदूरी करते हैं तथा अमीर तथा अमीर बच्चे स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते हैं। इसलिए गरीब की वजह से बच्चे विवशता के कारण शिक्षा ग्रहण करने के स्थान पर मजदूरी कर रहे हैं। इसलिए गरीबी गरीब के लिए अभिशाप है। गरीब बच्चों का जीवन अमीर बच्चों के जीवन की तुलना में अधिक संघर्षपूर्ण होता है।

(घ) हमें बालश्रम के शिकार बच्चों को शिक्षा प्रदान करवाने में सहायता करनी चाहिए, व आर्थिक रूप से भी उनकी सहायता करनी चाहिए।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) छोटे बच्चे ज्यादातर काम करते मिल जाते हैं–

होटल में ☐ कारखानों में ☐ दोनों में ☑ किसी में नहीं ☐

(ख) इन बच्चों का बचपन कैसा होता है?

गुलाम ☐ बेनाम ☐ गुमनाम ☐ तीनों ☑

(ग) हम इन बच्चों की सहायता कर सकते हैं–

किसी संस्था के द्वारा इनका एडमिशन स्कूल में करवाकर ☐ इनको पैसे देकर ☐

इनको काम से हटवाकर ☐ तीनों तरीकों से ☑

(घ) गरीबी गरीब के लिए है–

अभिशाप ☑ वरदान ☐ पीड़ा ☐ कोई नहीं ☐

**4. आशय स्पष्ट करो–**

(क) बालश्रम विरोधी कानून पारित होने के बाद भी कुछ बच्चे आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण मजबूरीवश दुकानों व कारखानों में काम कर रहे हैं।

(ख) बचपन में बच्चों से मजदूरी आदि कार्य करवाना वर्तमान में इस समस्या से काफी बड़ी संख्या में बच्चे प्रभावित हो रहे हैं।


**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

(क) बचपन सब **बर्तनों में गुजरा**
**ये उसकी गरीबी का** अंजाम है।

(ख) इनको जरूरत है **एक ऐसी छाँव की**
**जिससे इनकी भी** कोई पहचान हो।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित शब्दों का उचित लिंग से मिलान करो—**




**2. निम्नलिखित शब्दों में उपयुक्त स्थान पर अनुनासिक ( ँ ) चिह्न लगाओ—**

(क) चिड़िया – **चिड़ियाँ**
(ख) पहुच – **पहुँच**
(ग) कुरसिया – **कुरसियाँ**
(घ) महिलाए – **महिलाएँ**
(ङ) चाद – **चाँद**
(च) तागा – **ताँगा**
(छ) अनुक्रतिया – **अनुक्रतियाँ**

**3. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखो—**

(क) घोड़ा – **घोड़े**
(ख) संस्था – **संस्थाएँ**
(ग) बड़ा – **बड़े**
(घ) कारखाना – **करखाने**
(ङ) पक्षी – **पक्षियों**
(च) बच्चा – **बच्चे**

# 11 सिकंदर और साधु

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ—**

(क) यूनान के बादशाह का नाम 'सिकंदर' था।
(ख) सिकंदर ईरान, मिस्त्र, तुर्की, काबुल आदि देशों को जीतता हुआ भारत पहुँचा।

(ग) पंजाब को जीतने के बाद सिकंदर पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना) पर विचार करने लगा।
(घ) सिकंदर रावी नदी के तट पर रहने वाले महात्मा से मिलना चाहत था।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) जब सिकंदर ने महात्मा जी से कहा कि ये उपहार आपके लिए मेरी भेंट हैं तो उन्होंने यह कहकर मना कर दिया कि अगर इन्हें लेना ही होता तो मैं घर क्यों छोड़ता। अब तो वन के फल, नदी का पानी और कुटी ही मेरा अपना धन है। ये शाल, हीरे-जवाहरात मेरे किस काम आएँगें।
(ख) महात्मा जी ने सिकंदर से कहा कि जिस प्रकार तुम्हारा सारा शरीर तो गर्म कपड़े से ढका हुआ है, परंतु, तुम्हारे नाक और कान खुले हुए हैं सरदी तो उन्हें भी लग रही है, पर उन्हें सरदी सहने का अभ्यास हो गया है इसकी प्रकार मेरे शरीर को भी सरदी और गरमी सहने का अभ्यास हो गया है।
(ग) महात्मा जी ने सिकन्दर को लोगों की भलाई करने के लिए कहा।
(घ) महात्मा जी से मिलने के बाद सिकन्दर ने युद्ध का विचार त्याग दिया और यूनान लौट गया। मरने से पहले सारा धन लोगों में बाँट दिया। और लोगों से कहा, ''लो देख लो! मैं कुछ भी अपने साथ लेकर नहीं जा रहा हूँ।''

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) सिकंदर कैसा राजा था?

| | | | |
|---|---|---|---|
| दयालु और धैर्यवान | ☐ | वीर और प्रतापी | ☑ |
| डरपोक और चापलूस | ☐ | दयालु और प्रतापी | ☐ |

(ख) पाटलिपुत्र का वर्तमान नाम क्या है?

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | ☑ | काशी | ☐ | बनारस | ☐ | अयोध्या | ☐ |

(ग) युद्ध का विचार त्यागकर सिकंदर कहाँ चला गया?

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इटली | ☐ | फिनलैंड | ☐ | यूनान | ☑ | सुडान | ☐ |

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

युद्ध, अरस्तू, उत्साह, महात्मा, आश्चर्य

(क) सिकंदर के गुरु का नाम **अरस्तू** था।
(ख) सिकंदर की सेना में बहुत **उत्साह** था।
(ग) सिकंदर स्वयं **महात्मा** की कुटी में जा पहुँचा।
(घ) सिकंदर ने बड़े **आश्चर्य** के साथ महात्मा को देखा।
(ङ) महात्मा की बात सुनकर सिकंदर ने **युद्ध** का विचार त्याग दिया।

**5. किसन, किससे कहा?**

| | किसने कहा? | किससे कहा? |
|---|---|---|
| (क) ''जाओ! उन महात्मा जी को बुलाकर लाओ।'' | **सिकंदर ने** | **सैनिकों से** |
| (ख) ''मैं अपनी कुटिया छोड़कर कहीं नहीं जाता।'' | **महात्मा जी ने** | **सैनिकों से** |
| (ग) ''पर इन चीज़ों को लेकर मैं क्या करूँगा?'' | **महात्मा जी ने** | **सिकंदर से** |
| (घ) ''इतनी तेज़ सरदी पड़ रही है और आपके शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं।'' | **सिकंदर ने** | **महात्मा जी से** |

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार अथवा अनुनासिक लगाकर लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) काच | – | **काँच** | (ख) हू | – | **हूँ** |
| (ग) ठड | – | **ठंड** | (घ) चाद | – | **चाँद** |
| (ङ) शाति | – | **शांति** | (च) जग | – | **जंग** |

**2. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य शब्द छाँटिए–**

| | | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|---|
| (क) दो-ढ़ाई हजार वर्ष पहले की बात है। | – | **दो-ढ़ाई हजार** | **वर्ष** |
| (ख) वह बड़ा वीर और प्रतापी था। | – | **वीर और प्रतापी** | **वह** |
| (ग) भयंकर सरदी पड़ रही थी। | – | **भयंकर** | **सरदी** |
| (घ) बहुत बड़े महात्मा रहते हैं। | – | **बहुत बड़े** | **महात्मा** |
| (ङ) सिकंदर के सैनिक उत्साही थे। | – | **उत्साही** | **सैनिक** |
| (च) मेरे पास बहुत धन है। | – | **बहुत** | **धन** |

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) वीर | × | **कायर** | (ख) सवेरा | × | **संध्या** |
| (ग) शांति | × | **अशांति** | (घ) साधारण | × | **असाधारण** |
| (ङ) दुरात्मा | × | **महात्मा** | (च) सरदी | × | **गरमी** |
| (छ) स्वीकार | × | **अस्वीकार** | (ज) सेवक | × | **स्वामी** |

**4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) शरीर | – | **देह** | **काया** | (ख) सेवक | – | **सहायक** | **सेवादार** |
| (ग) अभिलाषा | – | **इच्छा** | **आकांक्षा** | (घ) संसार | – | **विश्व** | **जगत** |
| (ङ) धन | – | **सम्पदा** | **वैभव** | (च) आँख | – | **अक्षि** | **चक्षु** |

# 12 विश्व इतिहास की एक झलक

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) जवाहर लाल नेहरू पत्र के माध्यम से अपनी पुत्री को विश्व इतिहास की झलक दिखाना चाहते थे।

(ख) मिस्र में बड़ी-बड़ी मीनारें और स्फिंक्स मिलते हैं।

(ग) पहले धरती बेहद गरम थी, बहुत दिनों तक इस पर कोई आदमी न था।

(घ) लक्सर में अब भव्य मंदिरों के खंडहर नजर आते हैं।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) जवाहर लाल नेहरू के अनुसार सभ्यता का अर्थ है अच्छा करना, सुधारना, जंगली आदतों की जगह अच्छी आदतें पैदा करना। वहीं बर्बरता के बारे में उन्होंने बताया कि आदमी की जंगली दशा को जब वह जानवरों जैसा होता है, उसे बर्बरता कहते हैं।

(ख) 'स्फिंक्स' औरत के सिर वाली शेर की मूर्ति को कहते हैं।

(ग) मिस्र के पुराने बादशाहो के मकबरे को 'फिरऊन' कहते हैं।

(घ) 'ममी' किसी आदमी या जानवर के मृत शरीर को कहते हैं। जिसमें कुछ ऐसे तेल और मसाले लगा दिए जाते हैं कि वह सड़ न जाए।

(ङ) क्रीट के सभी राजा मीदास कहलाते थे। उनमें से एक राजा ऐसा था वह जिस चीज को छूता था वह सोना बन जाती थी। वह खाना नहीं खा सकता था क्योंकि खाना भी सोना बन जाता था।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) औरत के सिर वाली शेर की मूर्ति के चेहरे पर क्या पाई जाती है?

- मुरझाई-सी मुसकराहट ☑
- हँसी ☐
- अच्छी मुसकराहट ☐
- इनमें से कोई नहीं ☐

(ख) इंग्लैण्ड केवल एक छोटा सा–

- देश है ☐
- टापू है ☑
- जगह है ☐
- शहर है ☐

(ग) शब्द-कोश के अनुसार सभ्यता का अर्थ है–

- अच्छा करना ☐
- सुधारना ☐
- जंगली आदतों की जगह अच्छी आदतें पैदा करना। ☐
- तीनों ☑

(घ) मिस्र के खेतों को सींचने के लिए 'मेरी डू' नाम की–

- झील थी ☑
- तालाब था ☐
- नहर थी ☐
- कुआँ था ☐

(ङ) केंडिया का क्रीट नामक एक छोटा–सा टापू है–

- अरब सागर में ☐
- भूमध्य सागर में ☑
- बंगाल की खाड़ी में ☐
- इनमें से कोई नहीं ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

स्फिंक्स, मीदास, टापू, सभ्य, ममी

(क) इंग्लैण्ड केवल एक छोटा-सा **टापू** है।

(ख) हम बर्बरता से जितनी दूर जाते हैं, उतने ही **सभ्य** हो जाते हैं।

(ग) मिस्र में बड़ी-बड़ी मीनारे और **स्फिंक्स** हैं।

(घ) '**ममी**' किसी आदमी या जानवर के मृत शरीर को कहते हैं।

(ङ) क्रीट के सभी राजा **मीदास** कहलाते थे।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. नीचे लिखे शब्दों के वचन बदलकर वाक्यों में प्रयोग कर पुन: लिखो–**

(क) पुस्तक – **पुस्तकें** – **सुरुचि ने आज बहुत सारी पुस्तकें खरीदी।**

(ख) कहानी – **कहानियाँ** – **अध्यापक ने बच्चों को कहानियाँ सुनाई।**

(ग) कोशिश – **कोशिशें** – **बच्चों द्वारा खो-खो प्रतियोगिता जीतने की बहुत कोशिश की गई पर रहे।**

(घ) अक्षर – अक्षरों – **अमित को अक्षरों का ज्ञान है।**

**2. सही विलोम शब्द पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) जटिल – | मुश्किल | ☐ | कष्टदायक | ☐ | सरल | ✓ |
| (ख) बेजान – | निर्जीव | ☐ | जानदार | ✓ | जानवर | ☐ |
| (ग) आरंभ – | आदि | ☐ | शुरु | ☐ | अंत | ✓ |
| (घ) मूर्ख – | विद्‌वान | ✓ | कमअक्ल | ☐ | बेअक्ल | ☐ |
| (ङ) मुलायम – | कोमल | ☐ | सख्त | ✓ | खुरदरा | ☐ |

# 13 माँ की ममता

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) माँ का दिल बड़ा दयालु व स्नेहयुक्त होता है।
(ख) बच्चों की मुसीबत में माँ उनकी हर प्रकार से सहायता करने का प्रयास करती है।
(ग) बेटे ने माँ के हाथ को बेअदबी से झिड़क दिया।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) माँ शब्द में ममता, त्याग, सहनशीलता, दुआ आदि आते हैं।
(ख) माँ ने दुनिया को अपनी सहन करने की क्षमता से प्रभावित किया है, यदि बच्चा माँ के सीने पर चाकू भी रख दे तो भी माँ के हृदय से उसके लिए दुआ ही निकलेगी।
(ग) माँ के बारे में पाँच वाक्य निम्न हैं—

(i) माँ का हृदय बड़ा दयालु है।
(ii) माँ बच्चों की गलतियाँ माफ कर देती है।
(iii) माँ अपने बच्चों की हरसंभव सहायता करती है।
(iv) माँ बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखती है।
(v) माँ बच्चों की शिक्षा का भी ध्यान रखती है।

(घ) माँ त्याग और सहनशीलता की मूरत होती है।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) माँ ने बेटे को जगाया–
सिर पर हाथ फेरकर ☑ आवाज देकर ☐ जोर से चिल्लाकर ☐

(ख) माँ अपने हिस्से का भी खिलाएगी–
खाना ☑ फल ☐ मिठाई ☐

(ग) माता की कहानी को हर पीढ़ी–
गाएगी ☐ गुनगुनाएगी ☑ याद करेगी ☐

(घ) त्याग और सहनशीलता की मूरत होती है–
बुआ ☐ मौसी ☐ माँ ☑

**4. आशय स्पष्ट करो–**

(क) माँ अपने बच्चों की खुशी के लिए अपने सुखों का त्याग करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है।

(ख) मातृत्व शक्ति दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति इसलिए है क्योंकि माँ के जितनी सहनशक्ति, दया, ममता, प्रेम, अन्य किसी में नहीं होता।

**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो–**

(क) माँ ने बेटे के
**सिर पर हाथ फेरकर**
जितने प्यार से जगाया।

(ख) लेकिन माँ तो माँ है
**त्याग और सहनशीलता**
की मूरत होती है।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

1. जिन प्रत्ययों के जुड़ने से शब्द भाववाचक बन जाते हैं, वे 'भाववाचक प्रत्यय' कहलाते हैं।
जैसेः– पन – बचपन, बालकपन

**इसी तरह निम्नलिखित शब्दों के दो-दो भाववाचक प्रत्यय बनाइए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आई | – बुराई, | **घबराई** | **मुसकराई** |
| 2. | आहट | – चिकनाहट, | **हकलाहट** | **घबराहट** |
| 3. | आस | – मिठास, | **प्यास** | **आभास** |
| 4. | ना | – घबराना, | **शरमाना** | **मुसकराना** |
| 5. | अना | – जीतना, | **सीखना** | **देखना** |

2. कुछ शब्द सदा पुल्लिंग होते हैं – पेड़, थैला आदि।
कुछ शब्द सदा स्त्रीलिंग होते हैं– नदी, पुस्तक आदि।

**1. निम्नलिखित शब्दों को उनके लिंग से मिलाओ–**

(क) कहानी
(ख) सागर
(ग) दुआ
(घ) त्याग
(ङ) ममता
(च) अपमान

पुल्लिंग
स्त्रीलिंग

**2. निम्नलिखित शब्दों का सही विलोम शब्दों से मिलान करो–**

| | |
|---|---|
| (क) सम्मान | (अ) बद्‌दुआ |
| (ख) सहनशील | (ब) बड़ा |
| (ग) बच्चा | (स) निरादर |
| (घ) दुआ | (द) बेटी |
| (ङ) आदर | (य) असम्मान |
| (च) बेटा | (र) असहनशील |

**3. निम्नलिखित के दो-दो पर्यायवाची लिखो–**

(क) माता – **जननी** **जन्मदात्री** (ख) बेटा – **पुत्र** **सुत**

(ग) पिता – **जनक** **जन्मदाता** (घ) बेटी – **पुत्री** **कन्या**

(ङ) संसार – **जगत** **विश्व**

# 14 बड़े परिवार का महत्त्व

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) आराधना मेज पर किताबें ढूँढ रही थी।

(ख) आराधना ने अर्चना से लाइब्रेरी वाली किताब के बारे में पूछा।

(ग) आराधना के घर में पल्लवी रहने के लिए आ रही थी।

(घ) आराधना की इच्छा पल्लवी को रहने के लिए अलग कमरा देने की थी।

(ङ) खाना खाने के बाद 'स्कैबल' वर्गों का एक खेल और 'हैप्पी फैमिलीज' खेले गए।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) आराधना और उसके भाई-बहन अपने दादा-दादी की स्वर्ण जयंती मनाने की योजना बनाने में जुटे हुए थे। वे भेंट में देने वाले उपहारों को लाकर उन्हें रंग–बिरंगे कागजों में लपेट रहे थे।

(ख) आराधना के घर में पल्लवी को रहना बहुत अच्छा लगा क्योंकि उसे बड़ी लालसा थी ऐसे उल्लासपूर्ण प्रेम में सरोवार बड़े परिवार के सदस्य होने की।

(ग) अपने घर लौटने पर आराधना को बहुत अच्छा लगा, अर्चना के बनाए हुए पोस्टर को देखकर उसकी आँखें नम हो गई, उसे महसूस हुआ कि अपना घर ही धरती पर सबसे अच्छी जगह होती है।

(घ) बड़े परिवार का अपना विशेष महत्व होता है, संयुक्त परिवार में व्यक्ति के साथ सुख-दुख की परिस्थिति में सभी खड़े रहते है। सभी सदस्य एक-दूसरे से मिलजुलकर रहते हैं जिससे व्यक्ति एकाकीपन का शिकार नहीं होता।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) आराधना की लाइब्रेरी की किताब लौटाने की तारीख थी—

परसों की ☐ आज की ☐ कल की ☑ इनमें से कोई नहीं ☐

(ख) पिता जी ने आराधना को क्या लाने की आज्ञा दी?

पानी ☐ खाना ☐ नाश्ता ☑ चाय ☐

(ग) आराधना अपने परिवार में थी।

सबसे छोटी ☑ सबसे बड़ी ☐ भाइयों से छोटी ☐ बहनों से छोटी ☐

(घ) आराधना की क्या इच्छा थी?

पल्लवी के साथ घूमने जाने की ☐ पल्लवी के घर जाने की ☐

पल्लवी को ठहरने के लिए एक अलग कमरा देने की ☑ इनमें से कोई नहीं ☐

(ङ) सम्पूर्ण परिवार के साथ पल्लवी ने क्या-क्या खेला?

स्क्रैबल ☐ हैप्पी फैमिलीज ☐ दोनों ☑ दोनों में से कोई नहीं ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

आराधना, स्कूल, लाइब्रेरी, रागिनी, हुक्म

(क) अरे अर्चना! क्या तुमने मेरी **लाइब्रेरी** वाली किताब देखी है?

(ख) वह किताब तो मैंने अपनी दोस्त **रागिनी** को उधार दे दी।

(ग) आराधना अभी **स्कूल** खत्म करके कॉलेज के प्रथम वर्ष में थी।

(घ) पल्लवी पर कोई **हुक्म** नहीं चलाता होगा।

(ङ) घर लौटने पर **आराधना** को बहुत राहत मिली।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. अब आप नीचे दिए गए शब्दों को उनके नाम तक पहुँचाओ—**

आराधना, बचपन, भैया, मित्रता, पल्लवी, वंदना, प्रसन्नता,
संतान, लाइब्रेरी, पुस्तक, हर्ष, फोन, स्कूल, राहत, कमरा, कमी

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|
| पल्लवी | लाइब्रेरी | हर्ष |
| वंदना | पुस्तक | राहत |
| आराधना | फोन | प्रसन्नता |
| संतान | स्कूल | कमी |
| भैया | कमरा | बचपन |
| | | मित्रता |

**2. निम्नलिखित शब्दों को उनके समानार्थी शब्दों से मिलाओ–**

| | |
|---|---|
| (क) ईर्ष्या | तारीख |
| (ख) व्यवस्था | अकस्मात् |
| (ग) वातावरण | जलन |
| (घ) तिथि | इंतजाम |
| (ङ) सहायता | आवश्यकता |
| (च) जरूरत | माहौल |
| (छ) अचानक | मदद |

(क) ईर्ष्या → जलन; (ख) व्यवस्था → इंतजाम; (ग) वातावरण → माहौल; (घ) तिथि → तारीख; (ङ) सहायता → मदद; (च) जरूरत → आवश्यकता; (छ) अचानक → अकस्मात्

**3. 'गीन' शब्द से अन्य शब्द बने–रंगीन, संगीन, गमगीन। इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन शब्द बनाओ–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) तन | – | **चेतन** | **नूतन** | **पतन** |
| (ख) रंग | – | **बदरंग** | **नारंग** | **अधरंग** |
| (ग) वान | – | **ज्ञानवान** | **जवान** | **बलवान** |
| (घ) ई | – | **लिखाई** | **पढ़ाई** | **कढ़ाई** |
| (ङ) ज्ञान | – | **विज्ञान** | **अज्ञान** | **संज्ञान** |

**4. निम्नलिखित शब्दों का वचन परिवर्तन करो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) किताब | – | **किताबें** | (ख) बत्तियाँ | – | **बत्ती** |
| (ग) कमरे | – | **कमरा** | (घ) बहन | – | **बहनें** |
| (ङ) चीज | – | **चीजें** | | | |

# 15 बिजली का जन्म

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) बिजली की खोज वाली घटना 1752 ई० की है।

(ख) बेंजामिन बिजली को धरती पर लाने की सोच रहा था।

(ग) यदि हम बिजली बनाने में सफल हो गये तो धरती स्वर्ग बन जाएगी चारों ओर सुख ही सुख होगा।

(घ) पतंग की चाबी में से चिंगारियाँ निकलीं।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) बिजली को पतंग के माध्यम से चाबी तक लाने की खुशी में बेंजामीन नाच उठा।

(ख) वैज्ञानिकों ने बिजली उत्पादन के दो उपाय बताये पहला उपाय यह बताया कि नदियों के पानी को ऊँचाई से गिराकर इलेक्ट्रॉन कण तेजी से दौड़ने लगेंगे और बिजली उत्पनन्न हो जाएगी

दूसरा उपाय भट्टी में पत्थर का कोयला डालकर भाप बनाकर पनचक्की चलाकर बिजली बनाई जा सकती है।

(ग) बिजली की खोज के बाद बल्ब, बिजली की बैटरी, टेलीफोन का आविष्कार, एक्स-रे मशीन, बेतार के तार आदि का आविष्कार किया गया।

(घ) बिजली के आविष्कार में पतंग की महत्वपूर्ण भूमिका थी। पतंग के माध्यम से बिजली चाबी तक पहुँची।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) बिजली का कुचालक है—

लकड़ी ☐ रबर ☐ चीनी मिट्टी ☐ तीनों ☑

(ख) एडीसन ने किसका आविष्कार किया?

बिजली का बल्ब ☑ टेलीफोन ☐ बेतार का तार ☐ टेलीविजन ☐

(ग) बेतार के तार का आविष्कार किया—

एडीसन ने ☐ मारकोनी ने ☑ वोल्टा ने ☐ ग्राहम बेल ने ☐

(घ) बिजली की बैटरी कौन-से सन् में बनाई गई?

1876 ई० ☐ 1800 ई० ☑ 1896 ई० ☐ 1752 ई० ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

1876, नाचने, बेंजामिन, बरसात, मारकोनी

(क) बिजली की चमक **बेंजामिन** को बड़ी सुंदर लग रही थी।

(ख) **बरसात** के सुहावने मौसम में लड़के पतंगों के पेंच लड़ा रहे थे।

(ग) अपनी सफलता पर वह खुशी से **नाचने** लगा।

(घ) सन् **1876** ई० में टेलीफोन का अविष्कार हुआ।

(ङ) सन् 1896 ई० में **मारकोनी** द्वारा बेतार के तार का अविष्कार किया गया।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो—**

(क) विद्युत – **अशनि** (ख) अस्थि – **कर्कर**

(ग) शिखर – **चरमोत्कर्ष** (घ) उत्पन्न – **उपजना**

(ङ) वृक्ष – **तरु** (च) विश्व – **जगत**

(छ) सरिता – **नदी** (ज) भरोसा – **विश्वास**

**2. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो—**

(क) जो आवाज बिना तारों के वायु तरंगों द्वारा भेजी जाती है। – **बेतार का तार**

(ख) जो विज्ञान का ज्ञाता है। – **वैज्ञानिक**

(ग) जो घोड़े पर सवारी करता है। – **घुड़सवार**

(घ) जो बिजली पानी से पैदा होती है। – **'पनबिजली'**

(ङ) जो चक्की पानी की शक्ति से चलती है – **'पनचक्की'**

3. **निम्नलिखित शब्दों का सही मिलान करो—**

| | |
|---|---|
| (क) मारकोनी | (अ) एक्स-रे मशीन |
| (ख) ग्राहम बेल | (ब) बिजली की बैटरी |
| (ग) एडीसन | (स) बेतार का तार |
| (घ) वोल्टा | (द) बिजली का बल्ब |
| (ङ) रौन्टजन | (य) टेलीफोन |

(क) मारकोनी → (स) बेतार का तार; (ख) ग्राहम बेल → (य) टेलीफोन; (ग) एडीसन → (द) बिजली का बल्ब; (घ) वोल्टा → (ब) बिजली की बैटरी; (ङ) रौन्टजन → (अ) एक्स-रे मशीन

# 16 सूरदास

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताओ—**
   (क) सूरदास कृष्ण भक्ति शाखा के कवि हैं।
   (ख) सूरदास श्री कृष्ण के भक्त थे।
   (ग) कृष्ण गाय चराकर सांयकाल के समय घर लौटे।

2. **सोचकर लिखो—**
   (क) कृष्ण अपनी माता से ग्वाल-बालों की शिकायत कर रहे हैं।
   (ख) कृष्ण गेंद से अपने मित्रों के साथ खेल रहे हैं। एक गेंद को मारता है, एक गेंद को रोकता है और एक गेंद के पीछे भागता है।

3. **सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**
   (क) कृष्ण अपने सखाओं के साथ किससे खेल रहे हैं?
   गेंद से [✓] हॉकी से [ ] फुटबॉल से [ ] कोई नहीं [ ]
   (ख) खेलते–खेलते कृष्ण अपने सखाओं को कहाँ ले गए?
   घर में [ ] जमुना तट पर [✓] पाठशाला में [ ] बगीचे में [ ]
   (ग) इन पदों के रचयिता कौन हैं?
   तुलसीदास [ ] कबीरदास [ ] सूरदास [✓] रैदास [ ]
   (घ) कृष्ण जी यशोदा को क्या न खाने की बात कह रहे हैं?
   घी [ ] पनीर [ ] मक्खन [✓] दही [ ]

4. **आशय स्पष्ट कीजिए—**
   (क) कृष्ण अपनी माता से कह रहे हैं कि आपके मन में मेरे प्रति भेद उत्पन्न गया है। आप मुझे अपना पुत्र नहीं मानती।
   (ख) खेलते-खेलते कृष्ण अपने सभी सखाओं को यमुना तट पर ले जाते हैं।

**5. निम्नलिखित दोहों को पूरा करो—**

(क) मैं बालक **बहियन को छोटो,**
**छींको केहि** विधि पायो।

(ख) तू माता मन **की अति भोरी,**
**इनके कहे** पतियायो।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्न के सही अर्थ पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) बहियन – बाँहे [✓] बहनों [ ]
(ख) भोर – सुबह [✓] भोली [ ]
(ग) जिय – जीवन [✓] हृदय [ ]
(घ) दाऊ – बलराम [✓] दोनों [ ]
(ङ) भेद – अंतर [✓] रहस्य [ ]

**2. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो—**

(क) जो दिखाई न दे – **अदृश्य**
(ख) सुर में गाने वाला – **गायक**
(ग) जो जन्म से अंधा हो – **जन्मांध**
(घ) जो सामने हो – **प्रत्यक्ष**
(ङ) जिसमें रस न हो – **रसहीन**

**3. नीचे दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखो—**

(क) ग्वाल – **ग्वाले**
(ख) आम – **आमों**
(ग) सखा – **सखाओं**
(घ) बाँह – **बाँहें**
(ङ) मित्र – **मित्रों**
(च) चीज – **चीजें**
(छ) गाय – **गायें**

# 17 नमक की मिठास

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ—**

(क) सेठ अपनी बेटियों से यह जानना चाहता था कि वे उससे कितना प्यार करती है।
(ख) सेठ खाने में नमक न होने के कारण व दूसरे अतिथियों को भोजन करते देख तिलमिला उठा।
(ग) सेठ ने पहली बार अनुभव किया कि आदमी के लिए सस्ता और साधारण नमक सोने और जवाहरात से अधिक मूल्यवान है और आवश्यक भी।
(घ) भोजन में नमक न होने के कारण सेठ ने क्रोधित हुए कहा ''ऐसा भोजन मेरे सामने परोसने की तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई।

**2. सोचकर लिखो—**

(क) सुगन्धा के साहसी होने का पता इस बात से चलता है कि उसने पिता से निःसंकोच यह कह दिया था कि वह उनसे उतना ही प्यार करती है जितना हम सब खाने में नमक को। दूसरा यह

है कि वह अपने पति की दशा के बारे में जानकर नहीं घबराई और किसी भी कठिनाई या स्थिति का सामना करने के लिए तैयार थी।

(ख) सुगंधा के पिता ने उसका विवाह एक भिखारी से कर दिया लेकिन उसने इस निर्णय को आशीर्वाद के रूप में स्वीकार किया।

(ग) सुगंधा ने भोज में अपने पिता को आमंत्रित किया था परंतु उसके पिता के खाने में नमक नहीं था जिस कारण उसके पिता बहुत क्रोधित हुए।

(घ) सेठ ने अपनी तीसरी बेटी से क्षमा इसलिए माँगी क्योंकि वह उसके उत्तर का भाव नहीं समझ पाया था।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) सेठ की तीनों बेटियों के नाम क्या थे?

सुमित्रा, सुशीला, सुगंधा [ ] सुनयना, सुभारती, सुप्रिया [ ]

सुनयना, सुप्रिया, सुगंधा [✓] सुप्रिया, सुगंधा, सुनीता [ ]

(ख) जीवन कैसा नवयुवक था?

महत्वाकांक्षी [✓] आलसी [ ] लोभी [ ] कपटी [ ]

(ग) भोज का आयोजन कैसा था?

शानदार [✓] नीरस [ ] बेकार [ ] उबाऊ [ ]

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

नमक, आशीर्वाद, उत्तर, सागर, शानदार

(क) सुगंधा का **उत्तर** कुछ अलग था।

(ख) मैं आपको विशाल **सागर** जितना प्यार करती हूँ।

(ग) सुगंधा ने पिता के निर्णय को **आशीर्वाद** समझा।

(घ) भोज का आयोजन बड़ा **शानदार** था।

(ङ) यह भोजन बिना **नमक** के पकाया गया है।

**5. निम्नलिखित वाक्य पढ़कर 'सही' अथवा 'गलत' लिखो–**

(क) सेठ की चार बेटियाँ थीं। **गलत**

(ख) सेठ की छोटी बेटी का नाम सुनयना था। **गलत**

(ग) सुगंधा का उत्तर सुनकर सेठ आग बबूला हो गया। **सही**

(घ) सुगंधा अपने पिता को चाय में चीनी के बराबर प्यार करती थी। **गलत**

(ङ) सेठ ने दोनों बड़ी बेटियों का विवाह संपन्न परिवारों में कर दिया। **सही**



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित वाक्यों के सामने वाच्य का सही भेद लिखो–**

(क) मैं आपसे प्यार करती हूँ। **भाववाच्य**

(ख) पिता से प्रश्न पूछा जाता है। **कर्तृवाच्य**

(ग) सुगंधा से परिश्रम किया जाता है। **कर्मवाच्य**

(घ) बेटी से बोला नहीं जाता। **कर्तृवाच्य**

(ङ) जीवन खेती करता है। **कर्मवाच्य**

**2. निम्नलिखित वाक्यों के लिए प्रश्नवाचक वाक्य लिखो—**

(क) सेठ की कितनी बेटियाँ थीं?

(ख) सेठ ने सुगंधा का विवाह किससे कर दिया?

(ग) जीवन खेती कैसे करने लगा?

(घ) उनकी सामाजिक स्थिति कैसी हो गई?

(ङ) सुगंधा ने पिता के निर्णय को क्या समझा?

**3. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखो—**

(क) सेठ की तीन बेटियाँ थीं। **सेठ के तीन बेटे थे।**

(ख) सेठानी बेटियों से बहुत प्यार करती थी। **सेठ बेटियों से बहुत प्यार करता था।**

(ग) वह भिखारी नहीं था। **वह भिखारिन नहीं थी।**

(घ) वह महत्वाकांक्षी युवक था। **वह महत्वाकांक्षी युवती थी।**

(ङ) सुगंधा ने पिता को भोजन परोसा। **सुगंधा ने माता को भोजन परोसा।**

**4. निम्नलिखित वाक्यों को उचित कारक-चिह्न द्वारा पूरे करो—**

ने, से, में, के लिए, को, पर

(क) सेठ **ने** तीनों को पास बुलाया।

(ख) वह बेटियों **से** कुछ जानना चाहता था।

(ग) अपनी दशा **पर** उसे अफ़सोस न था।

(घ) कुछ वर्षों **में** उनके दिन बदल गए।

(ङ) प्रतिष्ठित लोगों **को** निमंत्रण दिया।

(च) मेरी मूर्खता **के लिए** मुझे क्षमा कर दो।

**5. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो—**

(क) नमक – **नमक के बिना भोजन स्वादहीन है।**

(ख) भोजन – **भोजन करने से शरीर को ऊर्जा मिलती है।**

(ग) मिठास – **गन्ने के अंदर मिठास होती है।**

(घ) प्यार – **बच्चों से प्यार करना चाहिए।**

(ङ) गुणवती – **सुगंधा एक गुणवती नारी है।**

(च) सामाजिक – **हमें सामाजिक कार्यों में भाग लेना चाहिए।**

18

# पर्यावरण प्रदूषण

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) दुर्भाग्यवश आज जिस प्रकार वनों को काटा जा रहा है, उसके कारण सूखा, बाढ़, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है।

(ख) प्राकृतिक असंतुलन का एकमात्र कारण प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन है।

(ग) पर्यावरण शब्द में सारा भूमण्डल समा जाता है।

(घ) पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने कहा था ''उगता हुआ पेड़ प्रगतिशील राष्ट्र का प्रतीक है।'' पेड़ हमें स्वच्छ वायु, शीतल छाया और लम्बी आयु प्रदान करते हैं।

(ङ) 19वीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति हुई, मशीनीकरण पर जोर दिया गया।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) पर्यावरण से तात्पर्य हमारे चारों ओर के परिवेश से है। इसके अन्तर्गत, अप्राकृतिक, जड़ एवं चेतन सभी वस्तुएँ, मनुष्य, जीव-जन्तु, पेड़-पौधे, भूमि, जल तथा वायु आ जाते हैं।

(ख) पर्यावरण संरक्षण में हमारा कर्तव्य है कि वृक्षों के कटान को रोके एवं वृक्षारोपण में सहयोग प्रदान करें।

(ग) पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि वृक्ष ऑक्सीजन प्रदान करने और वर्षा चक्र का सन्तुलन बनाने आदि में सहायक होते हैं।

(घ) पर्यावरण प्रदूषण की समस्या मानव की सुख-सुविधाओं के साथ जुड़ी हुई है। जब तक मनुष्य की आवश्यकता सीमित थी उस समय तक प्रदूषण से कोई समस्या नहीं थी।

(ङ) यदि समय रहते पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण न किया गया तो मनुष्य शुद्ध जल, भोजन, वायु तथा शान्त वातावरण के लिए तरस जाएगा।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) वायुमण्डल हमें देता है–

ऑक्सीजन [ ] कार्बन [ ] जल [ ] ये सभी [✓]

(ख) पर्यावरण में आते हैं–

वन [ ] पेड़-पौधे [ ] वन्य-जीव [ ] ये सभी [✓]

(ग) पर्यावरण प्रदूषण का मुख्य कारण है–

बढ़ती हुई जनसंख्या [ ] प्राकृतिक संसाधनों का दोहन [ ]

परमाणु विस्फोट [ ] उपरोक्त सभी [✓]

(घ) पेड़ हमें देते हैं–

स्वच्छ वायु [ ] शीतल छाया [ ] लम्बी आयु [ ] उपरोक्त सभी [✓]

(ङ) पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण न करने से मनुष्य तरस जाएगा–

| | | | |
|---|---|---|---|
| शुद्ध जल के लिए | ☐ | शुद्ध वायु के लिए | ☐ |
| भोजन के लिए | ☐ | उपरोक्त सभी | ☑ |

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

कल्याण, हरियाली, परिवेश, शुद्ध, अमूल्य

(क) पर्यावरण से तात्पर्य हमारे चारों ओर के **परिवेश** से है।

(ख) वृक्षों की कटाई के कारण **शुद्ध** वायु का अभाव हो रहा है।

(ग) वृक्षों की **हरियाली** हमारा जीवन है।

(घ) वृक्ष देश की **अमूल्य** सम्पदा है।

(ङ) वृक्षों के संरक्षण में ही हमारा **कल्याण** है।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

ऐसे शब्दांश जो किसी शब्द के पहले लगाए जाने पर शब्द के अर्थ में परिवर्तन या विशेषता उत्पन्न करते हैं, उन्हें 'उपसर्ग' कहते हैं। जैसे– तिथि अर्थात् तारीख, दिनांक।

तिथि में 'अ' उपसर्ग जोड़ने से अतिथि शब्द बनता है अर्थात् मेहमान।

**इसी तरह आप भी उपसर्ग का प्रयोग करते हुए नये शब्द बनाकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | उप | + | स्थिति | = | **उपस्थिति** | (ख) | अभि | + | **वादन** | = | अभिवादन |
| (ग) | **अधि** | + | नायक | = | अधिनायक | (घ) | अ | + | भाव | = | **अभाव** |
| (ङ) | चिर | + | **काल** | = | चिरकाल | (च) | सम् | + | पूर्ण | = | **सम्पूर्ण** |
| (छ) | **कु** | + | रूप | = | कुरूप | (ज) | प्र | + | **धान** | = | प्रधान |
| (झ) | वि | + | रोध | = | **विरोध** | (घ) | अति | + | **रिक्त** | = | अतिरिक्त |

**1. निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दों का सही मिलान करो–**

| | |
|---|---|
| (क) पृथ्वी | (अ) नीर |
| (ख) बहिन | (ब) वृक्ष |
| (ग) जल | (स) मानव |
| (घ) वायु | (द) जिन्दगी |
| (ङ) पेड़ | (य) धरा |
| (च) मनुष्य | (र) संसार |
| (छ) जीवन | (ल) भगिनी |
| (ज) विश्व | (व) हवा |

2. **निम्नलिखित शब्दों के एकवचन लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) रोगों | – | **रोग** | (ख) नदियाँ | – | **नदी** |
| (ग) उपायों | – | **उपाय** | (घ) नहरें | – | **नहर** |
| (ङ) हानियों | – | **हानि** | (च) चौपाए | – | **चौपाया** |
| (छ) जड़ें | – | **जड़** | (ज) नावें | – | **नाव** |

3. **निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो—**

(क) जीव-जंतु – **जीव-जंतु भी हमारे भोजन के महत्वपूर्ण स्रोत हैं।**

(ख) पेड़-पौधे – **पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं।**

(ग) अंधा-धुंध – **वृक्षों का अंधा-धुंध कटान हो रहा है।**

(घ) पालन-पोषण – **प्रकृति अप्रत्यक्ष रूप से मनुष्य का पालन-पोषण करती है।**

(ङ) बुरा-भला – **मोनू ने सोहन को बुरा-भला कहा।**

(च) इधर-उधर – **राजू इधर-उधर घूमता रहता है।**

# 19 धरती माँ

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताओ—**

(क) कवि ने बचपन में छिपकर पैसे बोए थे।

(ख) पलटन छोटे पौधों की थी।

(ग) अनगिनत पत्तों से झाड़ियाँ लद गई थीं।

(घ) आँगन के कोने में खड़े नवागत चिड़िया के बच्चे थे।

(ङ) डिम्ब तोड़कर चिड़िया के बच्चे बाहर निकले।

2. **सोचकर लिखो—**

(क) कवि द्वारा पैसे बोने के बाद कुछ नहीं उगा।

(ख) कवि ने मिट्टी के नीचे सिक्के दबाए थे।

(ग) आँगन के कोने में कई चिड़ियों के बच्चों को देखकर कवि प्रसन्न हो गए।

(घ) कवि ने अपने आप को स्वार्थी, लोभी इसलिए कहा है क्योंकि बचपन में वह धरती के महत्व को नहीं समझ पाया।

(ङ) धरती की दयालुता को देखकर कवि को महसूस हुआ कि धरती में ममता के दाने बोने चाहिए जिससे मानवता की सुनहरी फसलें उगे।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) 'छाता' ताने कौन खड़े थे?

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सेम के पौधे | ☐ | मिर्च के पौधे | ☐ | टमाटर के पौधे | ☐ | किसी के नहीं | ☑ |

(ख) धरती कैसी थी?

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उपजाऊ | ☑ | बंजर | ☐ | हरियाली | ☐ | गीली | ☐ |

(ग) पैसे बोकर कवि की इच्छा क्या बनने की थी?

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पतला सेठ | ☐ | मोटा सेठ | ☑ | बड़ा सेठ | ☐ | छोटा सेठ | ☐ |

(घ) उँगली से सहलाकर कवि ने फिर से किसके बीज बोए?

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अमरूद के | ☐ | पपीते के | ☐ | सेम के | ☑ | बैंगन के | ☐ |

**4. आशय स्पष्ट करो–**

(क) प्रस्तुत पंक्ति से आशय बचपन की सोच में बिना पलक झपकाए इंतजार करने से है।

(ख) जो जैसा बोएगा वैसा ही पाएगा अर्थात् जैसे कर्म करोगे वैसा ही फल पाओगे।

**5. कविता की पंक्तियों को पूरा करो–**

(क) रुपयों की कलदार **मधुर फसलें खनकेंगी**
**और फूल फलकर मैं** मोटा सेठ बनूँगा।

(ख) मैं अबोध था, **मैंने गलत बीज बोए थे,**
**ममता को रोपा था**, तृष्णा को सींचा था।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. नीचे लिखे वाक्यों मे रिक्त स्थानों की पूर्ति सही कारक चिह्न द्वारा करो–**

| | |
|---|---|
| (क) पिता अपने बेटे **को** नाश्ते **के लिए** बुला रहे हैं। | (के लिए, को, की) |
| (ख) धूप **में** पतंग मत उड़ाओ। | (को, पर, में, के) |
| (ग) पक्षियों **को** पिंजरे **में** कैद करना गलत है। | (को, के लिए, में) |
| (घ) यह गाड़ी दिल्ली **से** मुम्बई **के लिए** रवाना होगी। | (के लिए, को, से, की) |
| (ङ) रोगी **को** आज कोई दवा नहीं दी। | (के लिए, को, की, से, पर) |

**2. नीचे लिखे शब्दों के पर्यायवाची का मिलान करो–**

| | |
|---|---|
| (क) वसुधा | (अ) मेघ |
| (ख) आकाश | (ब) नवीन |
| (ग) नवागत | (स) प्यास |
| (घ) तृष्णा | (द) नभ |
| (ङ) बादल | (य) धरती |

(क) वसुधा → (य) धरती; (ख) आकाश → (द) नभ; (ग) नवागत → (ब) नवीन; (घ) तृष्णा → (स) प्यास; (ङ) बादल → (अ) मेघ

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) बचपन | × | **बुढ़ापा** | (ख) जीवन | × | **मृत्यु** |
| (ग) मोटा | × | **पतला** | (घ) उल्लास | × | **निराशा** |
| (ङ) मधुर | × | **कटु** | (च) स्वार्थ | × | **निस्वार्थ** |

4. **निम्नलिखित शब्दों को एक शब्द में लिखो–**

(क) जहाँ फसल नहीं होती – **बंजर**
(ख) एक समान – **बराबर**
(ग) बचपन की सोच – **बाल कल्पना**
(घ) बिना पलक झपके – **अपलक**
(ङ) केवल अपने बारे में सोचना – **एकाकी**

# 20 खजाना खुशियों का

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताओ–**

(क) चिंतामणि जी को हर समय चिन्ताएँ परेशान करती हैं। ऐसी चिन्ताएँ जिनसे उनका कोई लेना-देना नहीं है।
(ख) खुशीराम जी का स्वभाव हर हाल में प्रसन्न रहने वाला है।
(ग) खुशीराम जी परेशानियों में भी खुशी का मार्ग ढूँढ़ लेते थे।
(घ) खुशीराम जी ने गाड़ी से एक बच्चे को बचाया।

2. **सोचकर लिखो–**

(क) खुशीराम जी चोट लगने पर इसलिए दुखी नहीं हुए क्योंकि उन्होंने एक बच्चे की जान बचाई थी।
(ख) यदि खुशीराम जी कि जगह चिंतामणि जी होते तो इस घटना के नकारात्मक पक्ष के बारे में सोचकर परेशान हो जाते।
(ग) जीवन में खुश रहने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण आवश्यक है।
(घ) इस पाठ से हमें यह शिक्षा मिलती है कि जीवन में कष्ट व परेशानियाँ होने पर भी सकारात्मक सोच रखते हुए खुश रहने का प्रयास करना चाहिए।
(ङ) वृद्धों की सेवा करके, रोगियों की सेवा करके तथा गरीब व्यक्तियों की सहायता करके हम दूसरों की मदद कर सकते हैं।

3. **सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) इस पाठ में कुल कितने सोपानों में खुशी बताई गई है–
पाँच ☐ सात ☐ दस ☑ बारह ☐

(ख) चिंतामणि जी हर समय किस चिंता से त्रस्त रहते थे?
महँगाई से ☐ पड़ोसी की खुशियों से ☐
मौसम से ☐ तीनों से ☑

(ग) खुशीराम जी परेशानियों में भी क्या ढूँढ़ लेते थे?
सकारात्मक पक्ष ☑ नकारात्मक पक्ष ☐ दोनों ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

(घ) खुशीराम जी ने घटना के कितने लाभ बताये?

एक ☐ दो ☐ तीन ☐ चार ☑

(ङ) खुशीराम जी जनता में क्या थे?

लोकप्रिय ☑ बदनाम ☐ सामान्य ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

सोपान, रचनाकर, बच्चे, निर्भर, सकारात्मक

(क) खुशीराम जी ने एक **बच्चे** को सड़क पर अकेले चलते देखा।

(ख) खुश रहना हमारे ऊपर **निर्भर** करता है।

(ग) **सकारात्मक** दृष्टिकोण खुशी की पहली सीढ़ी या सोपान है।

(घ) संतुष्ट रहना, खुशी पाने का दूसरा **सोपान** है।

(ङ) हम में हर व्यक्ति के भीतर एक **रचनाकर** है।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. नीचे दिए गए शब्दों को उचित स्थान पर लिखो–**

महत्त्वाकांक्षा, प्रोजेक्ट, चूड़ी, हीन, थैला, रात्रि, कम्प्लीमेंटरी, चित्र, मशीन, प्लेटफार्म, रिक्शा, गाँव, स्वर्ण, नाक, अग्नि, बाजार, जीभ, डिबिया

| तत्सम | तद्भव | देशी | विदेशी |
|---|---|---|---|
| स्वर्ण | नाक | थैला | कम्प्लीमेंटरी |
| अग्नि | जीभ | बाजार | प्लेटफार्म |
| रात्रि | गाँव | डिबिया | मशीन |
| चित्र | महत्त्वाकांक्षा | रिक्शा | प्रोजेक्ट |

**2. दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो–**

(क) प्रकृति से संबधित – **प्राकृतिक**

(ख) अपने पर विश्वास – **आत्मश्विास**

(ग) मीठा बोलने वाला – **मृदुभाषी**

(घ) जिसका अंत न हो – **अनंत**

(ङ) खुश रहने वाला – **खुशमिजाज**

**3. नीचे दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो–**

(क) सोपान – **सीढ़ी**

(ख) खजाना – **धन**

(ग) ईर्ष्या – **द्वेष**

(घ) लोकप्रिय – **प्रसिद्ध**

(ङ) दास्तान – **कहानी**

**4. निम्नलिखित शब्दों के आगे विलोम शब्द लिखो–**

(क) आशा – **निराशा**

(ख) दुःखांत – **सुखांत**

(ग) अपरिचित – **परिचित**

(घ) असंतोष – **संतोष**

(ङ) प्रेम – **घृणा**

21

# सुनहरा सितारा : नीरज चोपड़ा

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ—**

(क) नीरज चोपड़ा का जन्म 24 दिसम्बर 1997 में हरियाणा के खांद्रा गाँव के एक गरीब किसान परिवार में हुआ था।

(ख) नीरज चोपड़ा और अभिनव बिंद्रा दोनों ने ओलंपिक खेलों में एकल स्पर्धा में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते हैं।

(ग) नीरज अपनी दिनचर्या में वसा युक्त खाने से परहेज करते हैं।

(घ) स्वर्ण पदक जीतने के बाद जब नीरज ने तिरंगा लेकर मैदान का चक्कर लगाया तो पूरा भारत रोमांचित हो उठा था।

**2. सोचकर लिखो—**

(क) परिवारवालों की सलाह पर वजन कम करने के लिए नीरज ने खेलकूद की ओर ध्यान दिया, जिसके बाद वे वजन कम करने के लिए पानीपत के शिवाजी स्टेडियम जाने लगे।

(ख) नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक इवेंट (जेवलिन थ्रो) में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। नीरज ने ओलंपिक खेलों में भारत को दसवाँ गोल्ड मेडल दिलाकर देश को गौरवान्वित किया।

(ग) नीरज जीवन में अनुशासन का पालन करते हैं वे मैच वाले दिन सिर्फ फल और सलाद ही खाते हैं, नाश्ते में ब्राउन ब्रेड और आमलेट का सेवन करते हैं। भूख लगने पर नीरज ज्यादातर जूस पीते हैं।

(घ) स्वस्थ रहने के बारे में नीरज का मानना है यदि आप स्वास्थ्य गंभीर हैं और स्वस्थ रहना चाहते हैं तो आप किसी भी हाल में कहीं भी स्वस्थ रहने के नए तरीके खोज लेंगे।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) नीरज ने किस खेल में इतिहास रच दिया?

बैडमिंटन ☐ जेवलिन थ्रो ☑ टेनिस ☐ क्रिकेट ☐

(ख) एशियन जूनियरशिप में उन्होंने कौन-सा मेडल जीता था?

सिल्वर ☑ ब्रांज ☐ गोल्ड ☐ डायमंड ☐

(ग) टोक्यो ओलंपिक में नीरज का थ्रो कितने मीटर का था?

87.43 मीटर का ☐ 85.87 मीटर का ☐

87.58 मीटर का ☑ 87.52 मीटर का ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

मैदान, मोटापे, नाज, स्वर्ण, पदक

(क) नीरज चोपड़ा पर पूरे देश को **नाज** है।

(ख) नीरज से पहले भारत को ओलंपिक में केवल नौ **स्वर्ण** पदक ही मिले थे।

(ग) नीरज ने कई प्रतियोगिताओं में **पदक** जीते हैं।

(घ) नीरज ने तिरंगा लेकर **मैदान** का चक्कर लगाया।

(ङ) नीरज ग्यारह साल की उम्र में **मोटापे** का शिकार हो गए थे।

**5. निम्नलिखित घटनाओं को उनके वर्ष से मिलान करो–**

| | |
|---|---|
| (क) सबसे पहले एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक | सन् 2015 |
| (ख) चीन में एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 9वाँ स्थान | सन् 2018 |
| (ग) एशियन जूनियर चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल | सन् 2021 |
| (घ) एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक | सन् 2012 |
| (ङ) टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक | सन् 2016 |



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित वाक्यों के भेदों के आधार पर एक-एक वाक्य बनाओ–**

सरल वाक्य – **सूरज साइकिल चला रहा है।**

संयुक्त वाक्य – **मोहन खाना खा रहा है और राजू सो रहा है।**

मिश्र वाक्य – **वह घर पहुँचा ही था कि कार्यालय से उसका फोन आ गया।**

**2. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखो–**

(क) उन्होंने अपनी आवश्यकता के अनुसार वज़न कम किया।

(ख) नीरज चोपड़ा सेना में कार्यरत हैं।

(ग) वे सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गए।

(घ) नीरज एथलीट होने के साथ-साथ फ़ौजी भी हैं।

**3. पाठ में से अंग्रेजी भाषा के शब्द छाँटकर नीचे दिए गए स्थान में लिखो–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| गोल्ड | एजेवलिन थ्रोड | एथलेटिक्स | चैंपियनशिप |
| सिल्वर | एथलीट | स्ट्रेंथ | ट्रेनिंग |
| एब्स | डंबल फ्रंट | साइडरैसेस | ब्राउन |

**4. नीचे दिए शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लगाओ–**

शानदार, स्वर्ण, भारतीय, प्रदर्शन, खत्म, तिरंगा, चक्कर, गाँव, किसान, वज़न, खेल, आयु

| | | | |
|---|---|---|---|
| आयु | किसान | खेल | खत्म |
| गाँव | चक्कर | तिरंगा | प्रदर्शन |
| भारतीय | वजन | शानदार | स्वर्ण |

# 22 जीवन की सच्चाई

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) जीवन वास्तव में एक कटु सत्य है।

(ख) जीवन का रहस्य है कि वर्तमान में किया गया परिश्रम आने वाले सुखद भविष्य का निर्माण करेगा।

(ग) जीवन की लड़ाई (दुर्जेय) कठिनाई से जीते जाने वाली है।

(घ) कवयित्री के अनुसार न तो भविष्य के सुनहरे स्वप्नों में खोना है और न अतीत (भूतकाल) की विकलताओं को याद करना है।

(ङ) कवयित्री के अनुसार साहसपूर्वक परिश्रम करने से सफलता को प्राप्त करना संभव है।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) वर्तमान में परिश्रम करके और साहसपूर्ण यत्न करके सफलता के रथ पर चढ़ा जा सकता है।

(ख) कविता के अनुसार भविष्य व भूतकाल पर ध्यान न देकर निरन्तर परिश्रम करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना ही जीवन का लक्ष्य है।

(ग) जीवन की लड़ाई को धैर्यपूर्वक कर्म करके जीता जा सकता है।

(घ) कविता के माध्यम से कवयित्री ने जीवन की वास्तविकता पर प्रकाश डाला है कि किस प्रकार मनुष्य को जीवन के कष्टों, दुखों से विचलित न होकर कर्म करना चाहिए।

(ङ) हम संसार से जाने के बाद समय के मार्ग में पैरों के निशान छोड़ जाते हैं।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) कवयित्री के अनुसार तुम्हारे हाथ में क्या है?

भूत ☐ भविष्य ☐ वर्तमान ☑ इनमें से कोई नहीं ☐

(ख) आज का परिश्रम कल को क्या बना देगा?

सबल ☐ स्वस्थ ☐ दोनों ☑ इनमें से कोई नहीं ☐

(ग) कवयित्री ने किसमें खोने को मना किया है?

अतीत की विफलताओं में ☑ स्वपनों के जाल में ☐

वर्तमान में ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

(घ) जोखिम उठाकर कवयित्री ने जीवन को क्या बनाने की बात की है?

खरा सोना ☑ चाँदी ☐ खरा लोहा ☐ खरा ताँबा ☐

**4.** ''जीवन के कठिन युद्ध को धैर्यपूर्वक लड़ने वाला योद्धा ही जीत सकता है, इस संघर्ष में धैर्य खोने वाला, डरने वाला कोई सिपाही विजयी नहीं हो सकता है।''

5. **निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ को पूरा करो–**

(क) मत कहो मुझसे तुम **शोकाकुल होकर**,
**कि एक खोखला स्वपन** है यह जीवन।

(ख) न फँसना भविष्य के **स्वपनों के जाल में**,
**न अतीत की विफलताओं** में खोना।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

सुगंध बना है गंध से, जिसका अर्थ है – खुशबू।

अतः सुगंध = सु + गंध = अच्छी खुशबू।

**अब नीचे दिए शब्दों के अर्थ स्पष्ट करें–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. सुमति | – | **सरल बुद्धि** | 2. सुगम | – | **सरल मार्ग** |
| 3. सुकर्म | – | **अच्छा कर्म** | 4. सुशील | – | **अच्छा आचरण** |
| 5. सुलभ | – | **सहज पूर्वक** | 6. सुप्रभाव | – | **अच्छा प्रभाव** |

1. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) स्वस्थ | × | **अस्वस्थ** | (ख) कठोर | × | **मुलायम** |
| (ग) शोक | × | **हर्ष** | (घ) खरा | × | **खोटा** |
| (ङ) संभव | × | **असंभव** | | | |

2. **निम्नलिखित शब्दों के विशेषण लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) स्वपन | – | **स्वप्निल** | (ख) समय | – | **सामयिक** |
| (ग) लक्षण | – | **लाक्षणिक** | (घ) टिकना | – | **टिकाऊ** |
| (ङ) जीवन | – | **जीवनीय** | | | |

3. **निम्नलिखित शब्दों से संज्ञा शब्द बनाकर लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) आकुल | – | **आकुलता** | (ख) भागना | – | **भगौड़ा** |
| (ग) स्वस्थ | – | **स्वस्थता** | (घ) वास्तविक | – | **वास्तविकता** |
| (ङ) भीरु | – | **भीरुता** | | | |

# 23 नन्हा जादूगर

## अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताओ–**

(क) कार्निवाल के मैदान में लेखक को एक छोटा-सा बालक मिला।

(ख) नन्हे जादूगर के पिता जेल में थे।

(ग) नन्हें जादूगर ने बारह खिलौने जीते।
(घ) लेखक ने बारह टिकट खरीदकर नन्हे जादूगर को दिये।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) लेखक नन्हे जादूगर की उस बात से प्रभावित होता है जब वह कहता है कि यदि आप मुझे शरबत न पिलाकर, मेरा खेल देखकर मुझे कुछ दे देते तो मुझे अधिक प्रसन्नता होती।
(ख) छोटा जादूगर ताश के पत्तों का खेल दिखाता था।
(ग) नन्हे जादूगर ने लेखक को तिरस्कार भरी दृष्टि से इसलिए देखा जब लेखक उससे यह कहता है कि तुम्हारी माँ बीमार है और तुम तमाशा देख रहे हो।
(घ) नन्हें जादूगर ने श्रीमती जी के कहने पर भालू, बिल्ली, बंदर, गुड़िया, गुड्डे आदि के द्वारा हास्यपद खेल दिखाया।
(ङ) लेखक तुरंत नन्हें जादूगर को लेकर उसकी माँ के पास पहुँचा। अतः लेखक को ऐसा लगा जैसे सारा संसार जादूगर-सा उसके चारों ओर नृत्य करने लगा।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) नन्हा जादूगर लेखक को कहाँ मिला?
मेले में ☑ हाट में ☐ बाजार में ☐ सड़क पर ☐
(ख) नन्हा जादूगर अपनी जीविका कमाता था– खिलौनों से–
खेल दिखाकर ☐ जादू दिखाकर ☑ नाच दिखाकर ☐ तीनों से ☐
(ग) नन्हे जादूगर का गुड्डा कैसा था–
सुंदर ☐ काना ☑ लम्बा ☐ नाटा ☐
(घ) लेखक की पत्नी ने नन्हे जादूगर को दिया–
तीन रुपये ☐ दो रुपये ☐ एक रुपया ☑ पचास पैसे ☐
(ङ) नन्हे जादूगर ने लेखक को कहाँ से पुकारा ?
हिंडोले से ☑ बाहर से ☐ कमरे से ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

झोंपड़ी, वाचालता, विषाद, तिरस्कार, पथ्य

(क) बालक के मुँह पर गंभीर **विषाद** के साथ धैर्य की रेखा थी।
(ख) लड़के के मुँह पर **तिरस्कार** की हँसी फूट पड़ी।
(ग) कुछ पैसे ले जाऊँगा तो माँ को **पथ्य** दूँगा।
(घ) लड़के की **वाचालता** से ही अभिनय हो रहा था।
(ङ) कुछ ही मिनटों में वह **झोंपड़ी** के पास पहुँचा।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. नीचे लिखे शब्दों में से सही विलोम शब्द ढूँढ़कर पंक्ति में लिखे शब्दों के सामने लिखो–**

अपेक्षा, विशेष, आय, गुप्त, कृतज्ञ, पुरस्कार, स्वार्थ, जड़,
शोषण, चतुर, उपकार, निंदा, निरक्षर, सुलभ, भाग्य, सपूत

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रकट | – | **गुप्त** | उपेक्षा | – | **अपेक्षा** |
| तिरस्कार | – | **पुरस्कार** | परमार्थ | – | **स्वार्थ** |
| व्यय | – | **आय** | दुर्लभ | – | **सुलभ** |
| प्रशंसा | – | **निंदा** | साक्षर | – | **निरक्षर** |
| कृतघ्न | – | **कृतज्ञ** | अपकार | – | **उपकार** |
| दुर्भाग्य | – | **भाग्य** | पोषण | – | **शोषण** |
| मूढ़ | – | **चतुर** | कपूत | – | **सपूत** |
| चेतन | – | **जड़** | सामान्य | – | **विशेष** |

**2. उचित समानार्थी शब्द लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) दीर्घ | – | **बड़ा** | (ख) संपूर्ण | – | **समस्त** |
| (ग) अस्त | – | **अदृश्य** | (घ) स्मरण | – | **स्मृति** |
| (ङ) परिचित | – | **जानकार** | (च) वाचाल | – | **बातूनी** |
| (छ) तिरस्कार | – | **अपमान** | | | |

**3. उदाहरण के अनुसार वचन के तीन रूप लिखो–**

| **एकवचन** | | **बहुवचन** | **विभक्ति सहित रूप ( परसर्ग या कारक चिह्न सहित रूप )** |
|---|---|---|---|
| (क) पैसा | – | **पैसे** | **पैसों के लिए** |
| (ख) आँख | – | **आँखें** | **आँखों के लिए** |
| (ग) किताब | – | **किताबें** | **किताबों के लिए** |
| (घ) खेल | – | **खेलों** | **खेलों के लिए** |
| (ङ) कमल | – | **कमल** | **फूलों के लिए** |

# 24 वीर बालक

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताओ–**

(क) इस नाटक में लेखक ने मालोजी की वीरता का चित्रण किया है।

(ख) मालोजी माँ से बात करते हुए शिवाजी के प्रति अपनी नाराजगी प्रकट करते हैं।

(ग) कमरे के द्वार से मालोजी आता है।

(घ) सुभागराय मालोजी से शिवाजी का वध करने के लिए कहते हैं।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) मालोजी ने पकड़े जाने पर ताना जी की धमकियों का उत्तर ठहाके मारकर हँसते हुए दिया और कहा कि आप मुझे मौत से डरा रहे हैं मैं अगर मौत से डरता होता तो यहाँ आता ही क्यों? मैं मरने को तैयार हूँ; मरना तो क्षत्रियों का भूषण है।

(ख) मृत्युदण्ड से बेखौफ हुए मालोजी ने मरने से पहले अपनी माता के दर्शन करने ओर उनके चरणों का अमृतपान करने के लिए शिवाजी से आज्ञा माँगी।

(ग) यह जानते हुए कि कल उन्हें मृत्युदंड दिया जाएगा, मालोजी अगले दिन सभा में इसलिए उपस्थित हुए क्योंकि उन्होंने छत्रपति शिवाजी को यह वचन दिया था कि वह कल दंड प्राप्त करने के लिए स्वयं उपस्थित हो जाएगा।

(घ) छत्रपति शिवाजी मालोजी की वीरता और उसके वचन निभाने की बात से प्रभावित हुए। इसी कारण उन्होंने मालोजी को आदर का पद प्रदान किया।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) यह घटना किस स्थान की है?

राजस्थान की ☐ कर्नाटक की ☐ महाराष्ट्र की ☑ मध्यप्रदेश की ☐

(ख) मालोजी का हाथ किसने पकड़ा?

सुभागराय ने ☐ शिवाजी ने ☐ तानाजी ने ☑ माता ने ☐

(ग) मालोजी के अनुसार मरना किसका भूषण है?

कायरों का ☐ क्षत्रियों का ☑ वीरों का ☐ राजाओं का ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

दुःखों, हत्या, कर्तव्य, दुःख, शत्रु

(क) क्या उनका यह **कर्तव्य** नहीं कि वे अपनी प्रजा की दशा ज्ञात करते रहें।

(ख) मैं अपनी माता के **दुःख** दूर करने के लिए सब कुछ कर सकता हूँ।

(ग) तो यह लो कटार और अपने **शत्रु** का वध करो।

(घ) यह बालक आपकी **हत्या** करने के लिए यहाँ आया था।

(ङ) आप ही हम दोनों माँ-बेटे के **दुःख** का कारण हैं।

**5. किसने, किससे कहा?**

| | किसने कहा? | किससे कहा? |
|---|---|---|
| (क) ''हम क्यों इस दशा में हैं? आज घर में खाने के लिए एक दाना भी नहीं है?'' | **मालोजी ने** | **माता से** |
| (ख) ''अच्छा, तो क्या तुम्हें अपनी जान प्यारी नहीं है?'' | **शिवाजी ने** | **मालोजी से** |
| (ग) ''मालो, तुम्हारा क्या हाल है?'' | **सुभागराय ने** | **मालोजी से** |
| (घ) ''यह नीच आप पर प्रहार करना चाहता था।'' | **ताना जी ने** | **शिवाजी से** |
| (ङ) ''लाख समझाने पर भी नहीं सुनता।'' | **द्वारपाल ने** | **शिवाजी से** |

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

1. **निम्नलिखित भाववाचक संज्ञाओं से बने हुए विशेषणों के उचित विकल्प पर (✓) का निशान लगाओ–**

(क) वीरता – वीर [✓] विदूषक [ ] (ख) मूर्खता – मुख [ ] मूर्ख [✓]

(ग) निर्धनता – धनी [ ] धन [ ] (घ) दासता – दास [✓] दस [ ]

2. **निम्नलिखित संबंधबोधक शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो–**

(क) के पीछे – **मंदिर के पीछे विद्यालय है।**

(ख) के पास – **रेलवे स्टेशन के पास बस अड्डा है।**

(ग) के ऊपर – **छत के ऊपर बहुत सारे बच्चे हैं।**

(घ) के सामने – **राम के मकान के सामने श्याम का मकान है।**

(ङ) के आगे – **चिकित्सालय के आगे गिरजाघर है।**

3. **निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो–**

(क) स्पष्ट बोलने वाला – **स्पष्टवादी**

(ख) जो किसी पक्ष में न हो – **निष्पक्ष**

(ग) जो समाज से बाहर हो – **असामाजिक**

(घ) जिसकी गिनती न हो सके – **अनगिनत**

(ङ) जिसका विश्वास न हो सके – **अविश्वासी**

4. **निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखो–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) सम्राट | – | **नृप** | **नरेश** | **राजा** |
| (ख) शत्रु | – | **अमित्र** | **वैरी** | **प्रतिपक्षी** |
| (ग) रात | – | **निशा** | **रजनी** | **रात्रि** |
| (घ) पुत्र | – | **सुत** | **तनय** | **बेटा** |
| (ङ) माता | – | **जननी** | **जन्मदात्री** | **मातृ** |

# 25 उफ! ये प्राकृतिक आपदाएँ

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताओ–**

(क) प्राकृतिक आपदाएँ कुदरत का अभिशाप हैं।

(ख) समुद्र के भीतर प्लेटों के टकराने से सुनामी आती है।

(ग) सुनामी की लहरों के द्वारा जन-धन की भारी हानि होती है।

(घ) बादलों का विकराल रूप बाढ़ लाता है।

(ङ) ऊँची-ऊँची इमारतें ताश के पत्तों की तरह गिरती हैं।

**2. सोचकर लिखो–**

(क) पाँच प्राकृतिक आपदाओं के नाम निम्न हैं–

(i) बाढ़, (ii) भूकंप (iii) भूस्खलन

(iv) सुनामी (v) आँधी

(ख) भूस्खलन के कारण घर, मकान, व्यक्ति जमीन के अन्दर समा जाते हैं।

(ग) बाढ़ के द्वारा व्यक्तियों का जीवन बाधित होता है, व जान-माल की हानि भी होती है।

(घ) प्राकृतिक आपदाओं के आने का मुख्य कारण वनों का काटा जाना है।

(ङ) भूकंप से निपटने के लिए आवश्यक है कि मकान व इमारतें भूकम्प निरोधी तकनीक का प्रयोग करके बनायी जाएँ।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

(क) भूकंप से इमारतों के नीचे क्या दबी रह जाती हैं?

पेड़ ☐ लाशें ☑ ताश ☐

(ख) भूस्खलन में मकानों का क्या हो जाता है?

जमीन में अन्दर चले जाते हैं ☑ सामान्य ☐ दोनों में से कोई नहीं ☐

(ग) बाढ़ बादलों का कौन-सा रूप है?

विकराल ☑ सामान्य ☐ दोनो में से कोई नहीं ☐

(घ) प्राकृतिक आपदाओं से मनुष्य को क्या मिलता है?

सुख ☐ दुःख ☑ कुछ नहीं ☐

**4. आशय स्पष्ट कीजिए–**

(क) प्रस्तुत पंक्ति से आशय है भूकंप आने पर कि ऊँची-ऊँची कई मंजिलों वाली इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढह जाती हैं।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति से आशय है कि सुनामी का प्रकोप इतना भयंकर होता है कि वह मनुष्य, उसके आवास, संसाधनों आदि का विनाश कर देती है।

**5. कविता की पंक्तियाँ को पूरा करो–**

(क) **लहरों की वे** अठखेलियाँ
कहलाती हैं **सुनामी**।

(ख) ढह जाती हैं **बहुमंजिला इमारतें**,
**जैसे हों वो पत्ते** ताश के।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. सही मिलान करो–**

(क) प्लेट टकराना → (य) सुनामी
(ख) पानी का तेज बहाव → (अ) बाढ़
(ग) जमीन का फटना → (ब) भूस्खलन
(घ) इमारतों का गिरना → (स) भूकंप
(ङ) हवा की तेजी → (द) आंधी

**2. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची लिखो–**

(क) पानी – **जल, नीर, तोय**
(ख) धरा – **पृथ्वी, धरती, उर्वी**
(ग) मकान – **गृह, आवास, निवास**
(घ) मानव – **मनुष्य, मानुष, नर**
(ङ) हवा – **वायु, समीर, पवन**

**3. निम्नलिखित शब्दों को बहुवचन में बदलो–**

(क) समुद्र – **समुद्रों**
(ख) प्लेट – **प्लेटें**
(ग) इमारत – **इमारतें**
(घ) आत्मा – **आत्माएँ**
(ङ) लहर – **लहरें**